
## घर में सोते रहे, हुई लाखों की चोरी

**दरवाजों में बंद की बाहर से सिटकनी।**

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर सो रहे घरवालों के कमरों को बाहर से बंद कर दिया, और फिर लाकर का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के आभूषण और नकदी चुरा ले गए। सुबह जब उठे और बाहर निकलने के दरवाजा खोलने की कोशिश की तो पता चला कि बाहर से बंद है। पीड़ित ने पड़ोसी को फोनकर बुलाया तब जाकर वारदात की जानकारी हुई। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। सत्येंद्र प्रताप सिंह, मकान नंबर 591/574 उतरटिया बाजार, पीजीआई, लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को परिवार संग घर में भोजन कर सो गए थे। सुबह जब उठे तो बाहर नहीं निकल सके, कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था, उन्होंने पड़ोसी को फोनकर बुलाया तब जाकर बाहर निकले। दूसरे



कमरे में देखा तो लाकर टूटा हुआ था। जिसमें रखे 70 हजार रूपए नकद, और करीब 4 लाख रुपए कीमत की ज्वेलरी चोरी हो गई। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## घने कोहरे के कारण विमान सेवाओं पर पड़ा असर

### लखनऊ आने जाने वाले विमान काफी लेट ....

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक पड़े घने कोहरे के कारण इसका असर विमान सेवाओं पर पड़ा। घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो गई। एयरपोर्ट सूत्र ने बताया कि इसके कारण लखनऊ आने जाने वाले विमान काफी लेट लतीफ रहे। इसकी वजह से मुंबई से बीती रात 12:35 बजे लखनऊ आने वाला इंडिगो का विमान (6 ई 5264) करीब 2 घंटा 20 मिनट देरी से लखनऊ पहुंचा। इसी तरह मस्कट से तड़के 3:45 बजे लखनऊ पहुंचने वाला सलाम एयर का विमान (ओवी 705) सुबह 5:35 बजे पहुंचा। वहीं दम्माम से सुबह 5:15 बजे लखनऊ पहुंचने वाला फलाइनेस का विमान (एक्सवाई 896) सुबह 10:50 बजे लखनऊ पहुंचा। मुंबई से सुबह 8:35 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1026) करीब एक घंटा 10 मिनट देरी से पहुंची।रियाद से सुबह 9 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचने वाली फ्लाइनेस की उड़ान (एक्सवाई 333) करीब 2 घंटा 15 मिनट देरी से पहुंची। झारसुगुड़ा से सुबह 10:15 बजे लखनऊ पहुंचने वाली स्टार एयर की उड़ान (एस5228) करीब 1 घण्टा 10 मिनट देरी से लखनऊ पहुंची।बेंगलुरु से सुबह 10:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 2048) 11 बजे लखनऊ पहुंची। जबकि दुबई से सुबह 10:50 बजे लखनऊ पहुंचने वाली फ्लाई दुबई की उड़ान (एफजेड 443) 11:50 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंच सकी। वाराणसी से दोपहर 1:45 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6544) करीब पौने दो घंटा देरी से पहुंची।दिल्ली से दोपहर 2:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2172) करीब एक घंटा देरी से लखनऊ पहुंची।किशनगढ़ से शाम 4:55 बजे लखनऊ आने वाली स्टार एयर की उड़ान (एस 522) करीब एक घंटा देरी से लखनऊ पहुंची।दिल्ली से शाम 5:45 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6 ई 2159) एक घंटा 10 मिनट देरी से लखनऊ पहुंची। इसी तरह लखनऊ से सुबह 4:30 बजेमस्कत जाने वाली सलाम एयर की उड़ान (ओवी 706) सुबह 7:05 बजे रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 6:15 बजे दम्माम जाने वाली फ्लाइनेस की उड़ान (एक्सवाई 897) 12:15 बजे रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 9:25 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1027) एक घंटा 10 मिनट देरी से 10:35 बजे उड़ान भर सकी। लखनऊ से सुबह 10 बजे रियाद जाने वाली फ्लाइनेस की उड़ान (एक्सवाई 334) 2 घंटा 35 मिनट देरी से 12:35 बजे रवाना हुई। लखनऊ से 10:45 बजे किशनगढ़ जाने वाली स्टार एयर की उड़ान (एस 5223) एक घंटा 35 मिनट देरी से रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 11:05 बजे बेंगलुरु जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 2049) करीब एक घंटा देरी से उड़ान भर सकी।लखनऊ से दोपहर 11:30 बजे मुंबई जाने वाली अकासा एयर की उड़ान (क्यूपी 1526) दोपहर 1:25 बजे रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 11:50 बजे दुबई जाने वाली फ्लाई दुबई की उड़ान (एफजेड 444) 1:20 बजे रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 1:50 बजे मुंबई जाने वाली अकासा एयर की उड़ान (क्यूपी 1153) 3:50 बजे रवाना हुई।लखनऊ से शाम 3:25 बजे गोवा जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 399) शाम 4:35 बजे रवाना हुई। लखनऊ से शाम 3:50 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6222) शाम 6:05 बजे रवाना हुई। लखनऊ से शाम 5:25 बजे झारसुगुड़ा जाने वाली स्टार एयर की उड़ान (एस5229) शाम 6:35 बजे रवाना हुई।लखनऊ से शाम 7:20 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6615) रात 9:10 बजे रवाना हुई और लखनऊ से रात 8:35 बजे अबू धाबी जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 1415) रात 9:30 बजे रवाना हुई।

## महिला पुलिस कॉन्स्टेबल को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, पैर फैक्चर

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली में तैनात महिला पुलिस कॉन्स्टेबल को तेज रफ्तार कार ने कोतवाली के गेट पर ही टक्कर मार दी। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गई।महिला कॉन्स्टेबल स्कूटी से ड्यूटी पर आ रही थी। जिसे तत्काल एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

कॉन्स्टेबल विनीता सरोज, पति का नाम देवनाथ सरोज निवासी ग्राम कुरावां बाग, बेती, थाना हथिगवाँ, प्रतापगढ़ हाल पता एकता नगर, कल्ली पश्चिम, रायबरेली रोड थाना पीजीआई लखनऊ में रहती हैं, वर्तमान समय में थाना पीजीआई में तैनात है, पीड़िता ने बताया कि बीते 01.जनवरी.2026 को प्रार्थिनी की ड्युटी थाना पर पहरा में लगी थी। वह अपनी स्कूटी से कल्ली पश्चिम की तरफ से थाना पीजीआई की तरफ आ रही थी कि समय करीब 17.55 बजे थाना पीजीआई गेट के सामने बने मोड़ (कट) से मुड़ रही थी कि वाहन संख्या वढ32दल्3484 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुऐ प्रार्थिनी की स्कूटी पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे प्रार्थिनी को काफी गम्भीर चोटें आयी। व मोबाईल फोन भी टूट गया।प्रार्थिनी का इलाज कराने के लिए पुलिस द्वारा अपेक्स ट्रामा सेन्टर एसजीपीआई लखनऊ में भर्ती कराया। जहाँ पर डाक्टर द्वारा प्रार्थिनी के दाहिने पैर में फैक्चर आना बताया गया । प्रार्थिनी के दाहिने पैर में प्लास्टर बंधा हुआ है प्रार्थिनी अपना इलाज कराने में व्यस्त होने के कारण सूचना नहीं दे सकी है। विपक्षी गाड़ी संख्या वढ32दल्3484 का चालक का नाम अभिषेक है। पीजीआई कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## गोसाईगंज में पत्रकारों ने गठित किया सुशांत गोल्फ सिटी प्रेस क्लब'

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। गोसाईगंज क्षेत्र के कबीरपुर में स्थित रॉयल पदमा ढाबे पर मंगलवार को स्थानीय पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गोसाईगंज तथा सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के लगभग दो दर्जन पत्रकारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय पत्रकारों को एकजुट करना और उनकी समस्याओं एवं चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र प्रताप ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। पत्रकारिता क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों, जोखिमों और समस्याओं के बीच एकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इसी उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों की सर्वसम्मति से 'गोसाईगंज/सुशांत गोल्फ सिटी प्रेस क्लब' नामक समिति का गठन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार राजीव दीक्षित ने नवगठित प्रेस क्लब की सराहना करते हुए कहा कि यह क्लब स्थानीय पत्रकारों की आवाज को मजबूती से बुलंद करेगा और उनकी एकजुटता का प्रतीक बनेगा। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र सिंह ने पत्रकारिता को आज के समय में अत्यंत चुनौतीपूर्ण, जोखिम भरा तथा उद्देश्यपूर्ण कार्य बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि नई पीढ़ी के पत्रकारों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करना आवश्यक है, ताकि पत्रकारिता की परंपरा आगे बढ़ सके। बैठक में सुमित श्रीवास्तव, फुरकान राईन, राजीव दीक्षित, अर्जुन तिवारी, सर्वेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अनिल प्रजापति, सत्येंद्र, गंगाचरण, दिव्यांशु त्रिपाठी, राम सुमिरन, अभिषेक यादव सहित कई अन्य स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने प्रेस क्लब के माध्यम से क्षेत्रीय मुद्दों को उठाने और पत्रकार हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया। यह नवगठित क्लब गोसाईगंज एवं सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के पत्रकारों के लिए एक मजबूत मंच साबित होगा।

## चौड़ीकरण और एलिवेटेड ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते आठ घंटे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर क्षेत्र में स्कूटर इंडिया चौराहे के पास कानपुर रोड पर पीएनसी द्वारा चल रहे रोड चौड़ीकरण और एलिवेटेड ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते मंगलवार को निर्धारित समय में काम पूरा नहीं हो सका। जिसके कारण बुधवार को भी आसपास के इलाकों में करीब आठ घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। नादरगंज विद्युत उपखंड अधिकारी आरसी यादव के मुताबिक स्कूटर इंडिया चौराहे पर प्रस्तावित रोड चौड़ीकरण एवं एलिवेटेड ओवरब्रिज निर्माण के तहत विद्युत लाइनों के स्थानांतरण और अन्य तकनीकी कार्य किए जा रहे हैं। इसी वजह से बुधवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक करीब 8 घंटे क्षेत्र की बिजली सप्लाई रोकी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान गौरी बाजार, देवलोक कॉलोनी, स्कूटर इंडिया चौराहा, जयराजपुरी सहित आसपास के कॉलोनी और मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। उल्लेखनीय है कि इसी कार्य को लेकर मंगलवार को भी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी गई थी, लेकिन कार्य पूरा न होने के कारण एक दिन और शटडाउन लेना पड़ा है। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले आवश्यक तैयारियां कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल कर दिया जाएगा।

## संदिग्ध हालत में रोड किनारे पड़ा मिला मरणासन हालत में मजदूर, मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में मंगलवार को एक अधेड़ मजदूर रोड किनारे संदिग्ध हालत में मरणासन पड़ा मिला। जानकारी होने पर उसे आनन-फानन सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से उन्नाव जिले के अचलगंज निवासी बसंत लाल (58) अपनी पत्नी माया के साथ सरोजनी नगर में सैनिक सोसायटी कॉलोनी के पास सड़क किनारे घास फूस की मड़ैया बनाकर रहते थे। बसंत लाल मजदूरी करते थे। बसंत लाल की पत्नी माया के मुताबिक



1 जनवरी को बसंत लाल को कुत्ते ने काट लिया था। जिसको लेकर बसंत लाल सोमवार शाम करीब 4 बजे घर से अपनी दवा लेने की बात कह कर चले गए। बसंत लाल उस समय नशे में थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे तो पत्नी माया ने आसपास खोजने की कोशिश की। लेकिन बसंत लाल का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद माया सो गई।मंगलवार सुबह माया सो कर उठी और बाहर निकली तो उसकी मड़ैया से चंद कदमों की दूरी पर बसंत लाल रोड के किनारे मरणासन हालत में पड़े मिले। माया ने आसपास के लोगों को बुलाकर बसंत लाल को गंभीर हालत में सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने बसंत लाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि बसंत लाल नशेड़ी पृवत्ति के थे और अधिक शराब के नशे में ही उनकी मौत हुई है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## प्रदोष व्रत 16 को, होगी शिवजी की आराधना



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** हिंदू परंपरा में त्रयोदशी तिथि को भगवान शिव के लिए अत्यंत प्रिय माना गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर माह के कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है, जो भगवान शिव को समर्पित होता है। कहा जाता है कि प्रदोष व्रत रखने वाले व्यक्ति के जीवन से कष्ट दूर होने लगते हैं और उसे मानसिक शांति, स्वास्थ्य, सौभाग्य तथा वैवाहिक जीवन में आने वाली समस्याओं से मुक्ति मिलती है। हर माह में दो बार प्रदोष व्रत आता है। हालांकि जनवरी 2026 में तीन प्रदोष व्रत पड़ रहे हैं। माघ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 15 जनवरी 2026, गुरुवार को रात 08:16 बजे होगा और इसका समापन 16 जनवरी 2026, शुक्रवार की रात 10:21 बजे होगा। ऐसे में 16 जनवरी को ही शुक्र प्रदोष व्रत रखा जाएगा।

**पूजा का शुभ समय:** प्रदोष व्रत में पूजा के लिए सबसे शुभ समय प्रदोष काल को माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन प्रदोष काल में महादेव कैलाश पर्वत पर आनंदित होकर तांडव नृत्य करते हैं। इसी कारण श्रद्धालु इस तिथि पर प्रदोष व्रत का पालन करते हैं और शिव-शक्ति की कृपा प्राप्त करते हैं। इस दिन प्रदोष काल शाम 05:47 बजे से रात 08:29 बजे तक रहेगा।

**शुक्र प्रदोष पर क्या करें:** शुक्र प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन सूर्यास्त से पहले स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और घर या मंदिर में शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और सफेद पुष्प अर्पित करें। पूजा के दौरान ॐ नमः शिवाय मंत्र का जप करें और शिव चालीसा का पाठ करें। शुक्रवार होने के कारण सफेद वस्तुओं का दान करना अत्यंत लाभकारी रहता है। संध्या समय में दीपक जलाकर प्रदोष व्रत कथा सुनें या पढ़ें। इस दिन व्रत के दौरान सात्त्विकता और मन को शांत रखें, क्रोध और नकारात्मक विचारों से दूरी बनाएं। अधिकांश लोग पूरे दिन व्रत रखकर केवल एक समय ही भोजन ग्रहण करते हैं। श्रद्धा और नियमपूर्वक यह व्रत करने से सुख, समृद्धि और वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है।

## शुक्र-मंगल की युति से चमकेंगे 4 राशियों के भाग्य

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** ज्योतिष शास्त्र में शुक्र और मंगल की युति को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इन दोनों ग्रहों का प्रभाव जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर पड़ता है। शुक्र ग्रह प्रेम, सौंदर्य, कला, दांपत्य सुख और भोग-विलास के कारक होते हैं, जबकि मंगल ग्रह साहस, आत्मविश्वास, कार्यशक्ति और संघर्ष से विजय के प्रतीक माने जाते हैं। जब ये दोनों ग्रह एक साथ युति करते हैं या परस्पर दृष्टि डालते हैं, तो यह व्यक्ति की ऊर्जा, आकर्षण और आत्मविश्वास को विशेष रूप से बढ़ा देता है। ऐसे समय में व्यक्ति में करिश्माई व्यक्तित्व का विकास होता है, जो उसे अपने जीवन में सफलता और सुख प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। पंचांग के अनुसार, 8 दिसंबर 2026 को सुबह 08:09 एएम बजे शुक्र और मंगल के बीच 0ट की कोणीय दूरी पर युति होगी। यह समय विशेष रूप से 'धन शक्ति राजयोग' का निर्माण करेगा, जो चार राशियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा। इस युति का प्रभाव इन राशियों के जातकों को धन, भौतिक सुख-सुविधाएं और करियर में सफलता प्रदान करेगा। इस दुर्लभ खगोलीय घटना का लाभ उठाने के लिए इन राशियों के जातकों को इस समय को सकारात्मकता और मेहनत से भरा हुआ अपनाना चाहिए।

**मेष राशि:** मेष राशि के जातकों के लिए शुक्र और मंगल की युति बेहद लाभकारी साबित होगी। इस समय आपके आत्मविश्वास और ऊर्जा में अद्भुत वृद्धि होगी, जिससे आप हर कार्य में सफलता प्राप्त करेंगे। आपके लिए नए अवसरों की बौछार होगी, और हर प्रयास में सफलता की संभावना प्रबल रहेगी। खासकर, धन और भौतिक सुख के मामले में आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। इसके साथ ही प्रेम और दांपत्य जीवन में भी मधुरता और सामंजस्य बढ़ेगा, जिससे आप अपने रिश्तों में संतुष्ट महसूस करेंगे। हालांकि, इस दौरान स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। नियमित व्यायाम और संतुलित आहार से आप अपनी ऊर्जा और स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं। यह समय आपके लिए बेहतरीन रहेगा, जब आप अपने जीवन में प्रगति और संतोष का अनुभव करेंगे।

**सिंह राशि:** सिंह राशि के जातकों के लिए यह 'धन शक्ति राजयोग' विशेष रूप से फलदायी है। इस समय आपके करियर में जबरदस्त उन्नति होगी और सामाजिक मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। जो लोग नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं, उन्हें सफलता प्राप्त होगी और उनकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपके भीतर उत्साह और उमंग बनी रहेगी, जिससे आप हर कार्य को पूरी मेहनत और लगन से करेंगे। प्रेम और पारिवारिक जीवन में भी सुख-शांति का अनुभव होगा। आपके रिश्ते मजबूत होंगे और परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। इस समय में नए अवसर भी आपके रास्ते में आएंगे, जिनसे आपको लाभ होगा। इसलिए, हर नई योजना की शुरूआत करने के लिए यह समय उत्तम रहेगा।

**कन्या राशि:** कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ साबित होगा। इस दौरान आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, और कार्यक्षेत्र में आपके सम्मान में भी वृद्धि होगी। आपके परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा, जिससे घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह समय लाभकारी रहेगा। आपकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और आपको लंबे समय के लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। यह समय आपके लिए अपने फैसले लेने का है, खासकर यदि आप नए निवेश या संपत्ति के मामलों में सोच रहे हैं। हालांकि, सभी निर्णय सोच-समझकर लेना महत्वपूर्ण है, ताकि आप अपने भविष्य के लिए लाभकारी रास्ते पर चल सकें। यह समय आपकी योजनाओं को साकार करने का है, और आप अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

**तुला राशि:** तुला राशि के जातकों के लिए यह समय बेहद सकारात्मक है, खासकर 'धन शक्ति राजयोग' के प्रभाव से। आपके आकर्षण और काबिलियत के कारण लोग आपसे प्रभावित होंगे, जिससे नए संपर्क और साझेदारी सफल होंगी। खासकर, धन संबंधी अवसरों में वृद्धि होगी, और यदि आपने किसी निवेश में पैसे लगाए हैं, तो आपको लाभ मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन और दांपत्य संबंधों में सामंजस्य आएगा, और आप अपने जीवनसाथी के साथ मधुर संबंधों का अनुभव करेंगे। इस समय मानसिक और शारीरिक ऊर्जा भी बेहतर रहेगी, जिससे आप हर कार्य में सफलता प्राप्त करेंगे। पुराने विवादों को सुलझाना और मेल-मिलाप करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा, जिससे आपके मन में शांति बनी रहेगी।

## मिसेज देशपांडे : पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका, ग्रे शेड में छाई माधुरी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन।

हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरू होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं। कत्ल करने के तरीके को देखते हुए कमिश्नर की शक की सुई सीधा जाती है हैदराबाद के जेल में कैद सीमा देशपांडे उर्फ मिसेज देशपांडे उर्फ जीनत पर। जीनत पिछले 25 साल से जेल में बंद है। उसने पुणे में आठ मर्डर किए थे और




हत्या का तरीका बिल्कुल वैसा ही जैसा कि मुंबई का सीरियल किलर कर रहा है। अब यही से शुरू होती है कहानी, कमिश्नर मुंबई की इस गुत्थी को सुलझाना चाहते हैं इसलिए वो मिसेज देशपांडे के बारे में हैदराबाद की जेल में फोन करके पूछते हैं। मिसेज देशपांडे अपना नाम जीनत रखकर जेल में बंद है। जब जीनत को पता चलता है कि मुंबई में कोई सीरियल किलर घूम रहा है तो वो कमिश्नर की मदद करने की बात कहती है। इसके बाद जीनत को अनऑफिशियली इस केस को सुलझाने के लिए कमिश्नर हैदराबाद की जेल से बाहर निकलवाकर एक सुरक्षित जगह पर रखते हैं। इस केस की जिम्मेदारी सौंपी जाती है एसीपी तेजस को, जो मुंबई में अपनी बीवी और नाना के साथ रहता है। क्या सभी कत्लों के पीछे मिसेज देशपांडे का ही हाथ था? अगर नहीं तो आखिर कौन मुंबई में एक के बाद एक लोगों को मौत के घाट उतारे जा रहा है, ये जानने के लिए आपको सीरीज देखनी होगी। एक्टिंग की बात करें तो मिसेज देशपांडे उर्फ जीनत के रूप में माधुरी दीक्षित का एक ऐसा अवतार देखने को मिलता है जो कि इससे पहले कभी नहीं देखा होगा। आपने माधुरी को अब तक रोमांटिक, चुलबुली, भोली भाली महिला के रूप में अक्सर पर्दे पर देखा है लेकिन इस सीरीज में उनका एक अलग ही रूप देखने को मिलता है। ग्रे शेड अवतार में माधुरी ने साबित कर दिया है कि उनके अभिनय में काफी रंग हैं। जिस गहराई से उन्होंने अपने किरदार को पर्दे पर उतारा है, एक भी पल के लिए ऐसा नहीं लगता कि हम मिसेज देशपांडे को नहीं, बल्कि माधुरी को स्क्रीन पर देख रहे हैं। इस किरदार के लिए माधुरी ने काम किया है, ये साफ-साफ झलकता है। उनके अलावा कमिश्नर के किरदार में हैं प्रियांशु चटर्जी जिन्हें आपने इससे पहले कई फिल्मों और सीरीज में देखा है।

- कलाकार- माधुरी दीक्षित, प्रियांशु चटर्जी, सिद्धार्थ चांदेकर, कविन दवे
- निर्देशक- नागेश कुकुनूर

**रेटिंग-3/5**

सिद्धार्थ चांदेकर इस सीरीज के सरप्राइज फैक्टर निकलते हैं।

कुछ सरप्राइज लेकर पर्दे पर आते हैं तो माधुरी जैसे एक्टर्स ने अपने अनुभव का अच्छे से इस्तेमाल किया है। इस सीरीज का निर्देशन नागेश कुकुनूर ने किया है जिन्होंने 'आशाएं', 'इकबाल' जैसी फिल्मों को डायरेक्ट किया है। निर्देशन के मामले में सीरीज में काफी गहराई और सटीकता डाली गई है। एक-एक सीन को पर्दे पर दिखाने के लिए मेहनत की गई है। डायरेक्शन के मामले में नागेश ने जबरदस्त तरीके से स्टोरी लाइन को दिखाया है। हर एपिसोड की शुरूआत में बीते समय का फ्लैशबैक जोड़ा गया है, जिससे एपिसोड देखने की दिलचस्पी पैदा हो जाती है और फिर आपको लगता है कि पूरा एपिसोड देखकर ही चैन की सांस ले पाएंगे। नागेश ने निर्देशन के साथ-साथ इस सीरीज की कहानी भी लिखी है जो तारीफ के काबिल है।

## लखनऊ जू में टिकट के साथ रिस्ट बैंड पहनना जरूरी

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में भ्रमण करने आने वाले दर्शकों को अवगत कराया जाता है कि प्राणि उद्यान में प्रवेश टिकट के साथ रिस्ट बैंड दिये जाते हैं। टिकट के साथ प्राप्त रिस्ट बैंड को प्रत्येक दर्शक द्वारा अपनी कलाई पर बांधना आवश्यक होता है, जिसकी उद्घोषणा दोनों प्रवेश द्वारों पर लगातार होती रहती है।

कलाई पर रिस्ट बैंड न होने पर दर्शक को बिना टिकट माना जाता है, इस लिए रिस्ट बैंड को कलाई पर बांधना अनिवार्य होता है। यह रिस्ट बैंड दर्शकों की सुविधा हेतु प्रदान किये जाते हैं ताकि दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामाना न करना पड़े। दर्शकों की कलाई पर रिस्ट बैंड बंधा है तो उससे यह सिद्ध होता है कि उक्त दर्शक के पास वैद्य टिकट है एवं प्राणि उद्यान परिसर में कोई भी टिकट हेतु जांच नही करेगा। रिस्ट बैंड पर सिरियल नम्बर के साथ-साथ प्राणि उद्यान का लोगो भी होता है एवं प्रतिदिन रिस्ट बैंड का कलर भी अलग-अलग होता है ताकि रिस्ट बैंड की अगले दिन पुनरावृत्ति न हो सके। किसी भी दर्शक को टिकट के साथ यदि रिस्ट बैंड प्राप्त नहीं होता है अथवा प्राणि उद्यान के किसी भी कर्मचारी / गेट कीपर द्वारा रिस्ट बैंड मांगा जाता है तो उसकी सूचना श्री दिनेश बडोला, क्षेत्रीय वन अधिकारी, प्राणि उद्यान, लखनऊ के मोबाइल नम्बर-9453437344, 8005493611 एवं श्री अनूप चतुवेर्दी, आशुलिपिक, निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ के मोबाइल नम्बर-8005493627 पर तत्काल पर सूचित करें एवं इसके साथ-साथ प्राणि उद्यान के दोनों प्रवेश द्वारों पर शिकायत रजिस्टर भी उपलब्ध है जिस पर दर्शक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## संक्षेप

### पुत्रों की दीघार्यु के लिए माताओं ने रखा व्रत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। क्षेत्र में मंगलवार को सकट का पर्व धूमधाम से मनाया गया । माताओं ने अपने पुत्रों की दीघार्यु के लिए व्रत रख कर उनकी समृद्धि एवं दीर्घ आयु की कामना की। मान्यता है की इस दिन व्रत रखने से सन्तान पर कोई संकट नही आता और जो भी संकट हो वह टल जाते है। फतेहपुर चौरासी नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में आज सकट चतुर्दशी पर्व के अवसर महिलाओं द्वारा पुत्रों हेतु व्रत रखा, इस व्रत मे तिल से बने लड्डू व शकरकन्द का प्रयोग महिलाए करती है। सम्पूर्ण दिन महिलायें व्रत रहती हैं, संकटा माता पूजा के बाद ही जल पान करती हैं। सकट चौथ के दिन संकटा माता के रूप में मां पार्वती और भगवान गणेश का पूजन किया गया । माताओं ने अपनी संतान की समृद्धि के साथ दीर्ध आयु के लिए व्रत रखा। अपनी संतान की मंगलकामना के लिए महिलाओं ने माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को व्रत रखने की परम्परा है। परम्परा के अनुसार तिलकुट एवं आटे का बकरा घर के पुत्र से कटवाते है, मान्यता है गणेश जी की कृपा सदैव बनी रहे इस लिए बकरे का सिर कटवाया जाता है।

### अराजकतत्व ने सब्जी की फसल में दवा डालकर की खराब

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एक किसान द्वारा खेत में बोई गई सब्जी की फसल में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दवा डालकर खराब कर दी गई ।पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ के गांव अलौलापुर निवासी रामचरण पुत्र जमुना प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसने अपने करीब एक बीघा खेत में सोया व धनिया की फसल बोई थी जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति ने दवा डाल दी है जिससे सारी फसल बर्बाद हो गई पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### भाड़ा मांगने पर ट्रैक्टर चालक को ईट भट्ठा पर पीटा

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के उदित खेड़ा गांव निवासी अनूप सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि संजय लोध के आडर पर मै अपने टैक्टर से ईट ले गया था जिसका 56 सौ रुपए बकाया था जो एक वर्ष से टहला रहे थे सोमवार की शाम संजय लोध ने भट्ठे पर मुझे रुपए देने के लिए बुलाया और जाति सूचक शब्दों के साथ गाली-गलौज करने लगा जिसका विरोध किया तो भट्ठा मालिक सौरभ तिवारी निवासी बौनामऊ व मुनीम रानू पंडित बौनामऊ ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी जिससे वह घायल हो गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया पीडित की तहरीर पर भट्ठा मालिक सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# माँ चंद्रिका देवी मंदिर में चोरी, को लेकर एसपी को सौंपा गया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध माँ चंद्रिका देवी मंदिर में हुए दानपात्र एवं बहुमूल्य आभूषणों की चोरी के मामले में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति रजि.के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आज पुलिस अधीक्षक उन्नाव श्री जयप्रकाश से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि दिनांक 03 जनवरी 2026 को माँ चंद्रिका देवी मंदिर में स्थापित दानपात्र एवं अन्य आभूषणों की चोरी हुई थी, जिसकी एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक न तो चोरों की गिरफ्तारी हो सकी है और न ही चोरी गए सामान की बरामदगी हुई है। इससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है और कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा शीघ्र दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि धार्मिक आस्था से जुड़े इस गंभीर अपराध पर त्वरित कार्रवाई हो सके।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने कहा कि माँ चंद्रिका देवी मंदिर जनपद ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर में दानपात्र एवं आभूषणों की चोरी केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही चोरों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए सामान की बरामदगी नहीं की गई तो सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति जनहित एवं धर्मरक्षा के लिए आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर सतीश शुक्ला (राष्ट्रीय अध्यक्ष), सौरभ श्रीवास्तव एडवोकेट, अविनाश चौधरी एडवोकेट, शिवांक सोनी (शिवा) एडवोकेट, शिवशांत मिश्रा एडवोकेट, अमित कुमार शर्मा, अनमोल अवस्थी, कृष्ण कुमार बाजपेई (गौ उत्थान सेवा समिति), विशाल प्रजापति (प्रदेश मीडिया महामंत्री), अजय पांडेय (प्रदेश अध्यक्ष, किसान सेवा समिति) एवं हिमांशु शुक्ला उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में महिला व बच्चे पर चाकू से हमला करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर मढ़ी गांव में बीते 3 जनवरी को गांव निवासी उर्मिला पत्नी रजनीश अपने लड़का ऋतिक,लड़की रितिका के साथ गांव के बाहर रोड पर बकरी चरा रही थी तभी बाइक सवार तीन अज्ञात युवको ने बकरी हटाने को लेकर उर्मिला लड़का ऋतिक,लड़की रितिका के साथ गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर महिला को घायल कर दिया था ।पीड़िता के पति रजनीश की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात युवकों की तलाश कर रही थी। 05/06.01.2026 को रात्रि के समय थाना अजगैन पुलिस स्वाट व सर्विलांस टीम द्वारा थाना अजगैन क्षेत्रांतर्गत उसरहा मोड़ अजगैन मोहान मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की अपाचे बाइक को पुलिस ने रोकने का प्रयास प्रयास किया गया जिसपर तीन लोग सवार थे तभी बाइक सवार युवकों द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया आत्मरक्षार्थ जवाबी पुलिस कार्यवाही में एक युवक के दाहिने पैर में गोली लगी है।जिसके मौके से गिरफ्तार किया गया है ।पूछताछ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम विकास गुप्ता पुत्र परमेश्वर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी खसरवारा थाना बंथरा जनपद लखनऊ बताया गया है तथा मौके से उसके दो अन्य साथी 01. लक्ष्मीनारायण पुत्र रामस्वरूप उम्र करीब 30 वर्ष निवासी हिंदुखेड़ा अमौसी थाना सरोजनी नगर लखनऊ 02. संजय पुत्र छोटेलाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी हारौनी थाना बंथरा लखनऊ हाल पता आनंद बिहार कॉलोनी थाना बंथरा लखनऊ को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद घटना में प्रयुक्त चाकू व अपाचे बाइक वढ 32 छल्र 5729 बरामद हुई है। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों द्वारा दिनांक 03.01.2026 में ग्राम जमालपुर मढ़ी में रास्ते से बकरी हटाने की बात के विवाद के बाद महिला व बच्चे पर चाकू से हमला करने की बात स्वीकार की है। घायल अभियुक्त विकास गुप्ता उपरोक्त को इलाज हेतु सीएचसी नवाबगंज भेजा गया है, अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रुपिया लेकर नाम जोड़ने का बीएलओ पर लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बी एल ओ कर्मी द्वारा एक ग्राम सभा के 11 वोटर पड़ोसी ग्राम सभा में दर्ज कर दिए गए अनेक ग्रामीणों ने रुपए लेकर नाम जोड़े जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है बांगरमऊ की ग्राम पंचायत देवरिया निवासी सुरजीत कुमार,श्रीपाल,विनोद कुमार आदि सहित कई ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से समाधान दिवस के मौके पर प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उनके ग्राम सभा में कार्यरत बी एल ओ कर्मचारी द्वारा पड़ोसी ग्राम पंचायत लहरापुर निवासी 11 लोगो के नाम बिना किसी वैध दस्तावेज के उनकी ग्राम पंचायत में जोड़ दिए गए है ग्रामीणों का तर्क है जिनमें से एक व्यक्ति पर एक वाद में 3 बीघा भूमि पर बेदखली का आदेश पारित हो गया है जिससे वह उनकी ग्राम पंचायत में जुड़ना चाहता है जिससे ग्रामीणों ने बी एल ओ पर रुपए लेकर नाम जोड़ने का आरोप लगाया है साथ ही सूची उपलब्ध कराते हुए कहा है कि जोड़े गए सभी नाम ग्राम पंचायत लहरापुर निवासीगण है ।जबकि उनकी ग्राम पंचायत में गलत तरीके से नाम जोड़े गए है और आपत्ति दर्ज कराने की बात कहने पर बी एल ओ कर्मी टाल मटोल कर रहा है।




# दो युवतियों ने बीच सड़क पर लेटकर किया नागिन डांस घंटों बनाई रील

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर एक युवती ने घंटों तक हाईवे पर ट्रैफिक को रोक रखा था। वीडियो मंगलवार सुबह 8 बजे सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवती तेज रफ्तार वाहनों के बीच नेशनल हाईवे पर लेटकर नागिन डांस करती नजर आई। यह काफी देर तक चलता रहा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कई वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़े। इससे पीछे से आने वाले वाहनों के टकराने की आशंका भी बढ़ गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, वरना स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। इस क्षेत्र में यह पहली बार नहीं है जब लापरवाही देखने को मिली हो। राहगीरों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि इस दौरान कोई दुर्घटना हो जाती तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता? लोगों की मांग है कि वीडियो के आधार पर युवती की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाए और हाईवे पर गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## बीमारी के चलते विवाहिता की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के भवलिया गांव निवासी धर्मेश अपनी पत्नी मधु के साथ मथुरा मे रहता था। मधु के बीमारी होने पर धर्मेश ने मथुरा मे मधु को भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर बता रेफर कर दिया। धर्मेश पत्नी मधु को लेकर गांव आ रहा था रास्ते मे मधु की मौत हो गयी। सोमवार देर शाम धर्मेश भवलिया पहुंचा और मायके पक्ष को सूचना दी। रायबरेली जनपद के खीरों थाना क्षेत्र के दुमटहरा गांव निवासी मायके पक्ष के लोग पहुंचे और मधु को मार डालने का आरोप लगाने लगे। धर्मेश ने मामले की सूचना पुलिस को देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कहीं ।सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी फूल सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। देवर रोहित के अनुसार मधु की शादी लगभग दस वर्ष पहले हुई थी ।मधु के एक लड़का अभिनव 6 वर्ष हैं। रोहित के अनुसार मधु का लगभग एक माह पूर्व बच्चेदानी का लखनऊ मे आपरेशन हुआ था स्वास्थ्य होने पर लगभग बीस दिन पहले दोनों लोग मथुरा चले गये थे। थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया की सूचना मिली थी जिसके आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया हैं ,रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध आनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी ने 9 ठिकानों पर की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी ने अनुराग द्विवेदी से जुड़े 9 ठिकानों पर छापेमारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के मामले में 31 दिसंबर 2025 और 1 जनवरी 2026 को बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान दिल्ली, मुंबई, सूरत, लखनऊ और वाराणसी में कुल 9 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। ये सभी परिसर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी से जुड़े बताए जा रहे हैं ।ईडी को संदेह है कि विभिन्न ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के जरिए अपराध की आय (पीओसी) का सृजन कर उसे लॉन्ड्रिंग किया जा रहा था। तलाशी के दौरान अनुराग द्विवेदी की दो महंगी कारें–लैंड रोवर डिफेंडर और बीएमडब्ल्यू जेड4–को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। इसके अलावा कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी कब्जे में लिए गए हैं ।इससे पहले 17 दिसंबर 2025 को ईडी ने इसी मामले में लखनऊ, उन्नाव उसके गांव और दिल्ली स्थित अनुराग द्विवेदी से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की थी। उस दौरान लेम्बोर्गिनी उरुस, मर्सिडीज, फोर्ड एंडेवर और थार सहित चार लग्जरी गाड़ियां, लगभग 20 लाख रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए गए थे। जांच में हवाला चैनलों के जरिए दुबई में रियल एस्टेट निवेश का खुलासा हुआ था। साथ ही बीमा पॉलिसियों, फिक्स्ड डिपॉजिट और बैंक बैलेंस के रूप में करीब 3 करोड़ रुपये की चल संपत्तियों को फ्रीज किया गया था ।ईडी ने यह जांच पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी सोनू कुमार ठाकुर और विशाल भारद्वाज सिलीगुड़ी से फर्जी बैंक खातों और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी पैनल चला रहे थे। ईडी के अनुसार, अनुराग द्विवेदी इन अवैध प्लेटफॉर्मों का सक्रिय रूप से प्रचार कर रहा था और हवाला चैनलों व फर्जी खातों के जरिए प्राप्त धन से दुबई में अचल संपत्तियां खरीद रहा था। जांच में यह भी पता चला है कि अनुराग द्विवेदी वर्तमान में दुबई में रह रहा है और कई बार समन जारी होने के बावजूद ईडी के समक्ष पेश नहीं हुआ। इससे पहले इस मामले में ईडी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और 1 अगस्त 2025 को माननीय विशेष न्यायालय (पीएमएलए), कोलकाता में अभियोग शिकायत दाखिल की गई थी। अब तक इस मामले में लगभग 27 करोड़ रुपये की चल संपत्तियों को फ्रीज किया जा चुका है।

## पूछताछ के लिए थाने आए युवक की बिगड़ी हालत पुलिस के फूले हाथ पांव

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। पूछताछ के लिए थाने बुलाए गए व्यक्ति की तबीयत थाने में खराब हो गई जिससे पुलिस के हाथ पांव फूल गए जिसे आनन फानन में सी एच्सी लेकर गए जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । कोतवाली के गांव रतावर निवासी राजू शुक्ला व बेटे राहुल शुक्ला के विरुद्ध गांव की ही एक युवती ने दो जनवरी को छेड़छाड़ मारपीट करने का आरोप लगा कर पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। कार्रवाई न होने पर पुनः 5 जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया जिसपर पुलिस ने मंगलवार को दोनों को थाने बुलाया था। जहां सुबह लगभग 11 बजे राजू व राहुल अन्य परिजनों के साथ थाने पहुंचे ।कुछ देर बाद थाने के अंदर ही राजू की हालत बिगड़ गई ।जिसपर पुलिस उसे लेकर सीएचसी पहुंची। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।राजू के परिजनों ने हंगामा करते हुए पुलिस पर थाने बुलाकर मारने पीटने व फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि राजू शुक्ला पर छेड़छाड़ मारपीट आदि की शिकायत थी ।जिसकी पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। जहां इनकी अचानक तबियत खराब हो गई ।जिन्हें अस्पताल भिजवाया गया था। जहाँ तबीयत ठीक हो गई है ।परिजनों द्वारा लगाया गया आरोप में बेबुनियाद है ।

## 51 कुंडीय श्री राम गायत्री महायज्ञ की विधि विधान के साथ हुआ भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जन्मशताब्दी महोत्सव के अंतर्गत औरास के आर पी लॉन में 51 कुंडीय श्रीराम गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन मंगलवार को विधि विधान के मंत्रोउच्चरण के साथ प्रारंभ हुआ। जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कारो से प्रेरित करना। कार्यक्रम के आयोजक मुकेश गुप्ता ने बताया कि 51 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का भूमि पूजन मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इसके बाद 20 से 24 जनवरी के मध्य श्रीराम गायत्री महायज्ञ का अनुष्ठान होगा । जिसमें भारी संख्या में सनातनी विश्व कल्याण के लिए हवन कुंड में पवित्र आहुतियां डालेंगे। बताया कि दिखावटी पूजा से ईश्वर की प्राप्ति नही होती ईश्वर के दर्शन सच्चे मन से साधना करने पर ही प्राप्त होते है। आप दुगुर्णों को छोड़ कर सद्गुणों को गृहण करे ।ऐसा करने पर जीवन मे कभी कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ेगा। इस लिये अपने जीवन का मूल्य व्यर्थ न गवाए। मनुष्य का जीवन बड़ा अमूल्य है। जिससे पहचानने की कोशिश जरूर करें। इस मौके पर हरिशंकर तिवारी, बाबूराम त्रिपाठी, कमलाशंकर गुप्ता संजय, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बंदर को बचाने में बाइक पलटी दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार मियागंज सफीपुर मार्ग पर अचानक बंदरों का झुंड आ जाने से बाइक चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो युवक घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आसीवन तरफ पश्चिम मोहल्ला निवासी कामिल अली पुत्र छब्बन अली मंगलवार साथी शाने आलम पुत्र कज्जन के साथ बाइक से सफीपुर जाने के लिए निकला था अभी दोनों नई बस्ती गांव की मोड पर पहुंचे थे तभी बंदरों का झुंड सामने आ गया जिससे बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सडक पर पलट गयी जिससे दोनों युवक गभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया है।

## उधार रुपिया मांगना युवक को पड़ा महंगा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत उधार दिए पैसे वापस मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी मिलने पर पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गाँव ममरेजपुर निवासी मनोज कुमार दीक्षित पुत्र चन्द्रबोधन दीक्षित की दुकान पर सुरेन्द्र पुत्र नान्हू निवासी रामखेड़ा काम करते थे। अपनी निजी आवश्यकताओं पर दुकान मालिक को विश्वास में लेकर भिन्न तिथियों में 92470 रुपया ले लिया जब दुकान मालिक मनोज दीक्षित द्वारा अपने पैसों की मांग की गयी तब सुरेन्द्र व उनके पिता नान्हू द्वारा भद्दी भद्दी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी गयी जिससे आहत होकर दुकान मालिक सीधे थाना बिहार पहुँचा और तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर आपराधिक विश्वासघात करने व जानमाल से मारने का मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## आग ताप रहे युवकों को पड़ोसी ने लाठी डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार घर के बाहर आग ताप रहे भाइयों के साथ पडोसी गाली-गलौज करने लगा बिरोध किया तो लाठी-डंडे से पीट-पीटकर लहुलुहान कर दिया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुरसठ ग्रामीण के मजरा गोसाईं खेड़ा निवासी शिवकुमार, सतीराम पुत्रगण स्व धर्मू घर के बाहर ठंड से बचाव के लिए आग जलाकर ताप रहे थे और आपस में बातचीत कर रहे थे इसी बीच पड़ोसी मेवालाल पुत्र छेदा व सुनील पुत्र रामप्रसाद ने कहा कि तुम लोग मेरे बारे में बातें कर रहे हो इसी बात को लेकर मेवालाल, रामलाल पुत्रगण छेदा, पंकज पुत्र मेवालाल, सुनील पुत्र रामप्रसाद व अजीत पुत्र आनंद कुमार ने लाठी-डंडे से पीट-पीटकर लहुलुहान कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दोनों भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर डी नाथ ने शिवकुमार की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मुकद्दमा दर्ज कर जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# भांजे ने मामा के घर की चोरी

### 68 हजार नकद और जेवरात निकाले; दो आरोपी गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,मामा के घर चोरी करने के आरोप में भांजे समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने घर से 68 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण चुराए थे। पुलिस ने उनके पास से 14 हजार रुपये नकद, आभूषण और चोरी की दो बाइकें बरामद की हैं। यह घटना 5 जनवरी को निगोही थाना क्षेत्र के जिंदपुरा में हुई थी। पीड़ित हामिद हुसैन ने अपने भांजे अरसान और उसके दो साथियों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अरसान ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया ।पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित की। मिल्क डेयरी के पास घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी अरसान और बरेली निवासी उसके साथी शोएब को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 14 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए। इसके अलावा, जिस बाइक से आरोपी घूम रहे थे, वह भी चोरी की निकली। उनकी निशानदेही पर चोरी की एक और बाइक भी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी अरसान ने बताया कि उन्होंने मामा हामिद के घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर चोरी की थी। अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने कुल 68,000 रुपये नकद और चांदी की पायल से भरा एक बैग चुराया था। चोरी के माल को तीनों आरोपियों ने आपस में बांट लिया था। इसमें अरसान को 15,000 रुपये नकद और चांदी की एक जोड़ी पायल मिली, जबकि शोएब को 15,000 रुपये नकद और चांदी के एक जोड़ी खड़वे मिले। तीसरे आरोपी शहबाज को 38,000 रुपये नकद और चांदी की एक जोड़ी पायल मिली थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है। आरोपियों बताया कि जिस बाइक से वह चल रहे थे उसको आरोपी शाहबाज ने गदियाना चुंगी के पास से चोरी की थी। आरोपियों की निशानदेही से दूसरी बाइक भी बरामद की है। जिसको उन्होंने मोहल्ला खलील गरवी से चोरी की थी। गिरफ्तार आरोपियों का लंबा अपराधिक इतिहास है।

## संक्षेप

### जिलाधिकारी ने वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया

**नए साल पर वृद्धजनों से मिले, सुविधाएं जांचीं; आवश्यक निर्देश दिए**

अमेठी , नव वर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपनी धर्मपत्नी के साथ गौरीगंज स्थित वृद्ध जन आश्रम का दौरा किया। उन्होंने वहां निवासरत वृद्धजनों का हालचाल जाना और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं इस दौरान जिलाधिकारी एवं उनकी पत्नी ने वृद्धजनों के बीच फल एवं मिठाई का वितरण किया। उन्होंने वृद्धजनों के साथ कुछ समय बिताया और उनका उत्साहवर्धन किया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने वृद्ध आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वृद्धजनों के स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था, आवास, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृद्ध आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से आश्रम की व्यवस्थाओं की निगरानी करने और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए /प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ऐश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह शुरू

**जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने हरी झंडी दिखाकर की शुरूआत, नियमों के पालन की अपील।**

अमेठी , सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने हरी झंडी दिखाकर किया। शासन के निर्देश पर आयोजित यह माह लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। इसका लक्ष्य सड़क हादसों को कम करना और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करना है। अमेठी के एआरटीओ महेश बाबू ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान शासन के निर्देशों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एआरटीओ महेश बाबू के अनुसार, इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सभी हितधारकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा बैठक आयोजित की गई है और विभिन्न यातायात नियमों को लेकर एक विस्तृत योजना तैयार की गई है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान, अमेठी प्रशासन लोगों को जागरूक करने के लिए कई उपाय कर रहा है। साथ ही, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है। आरटीओ महेश बाबू ने मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और सभी सुरक्षा उपायों का पालन करें।

उन्होंने विशेष रूप से ठंड और कोहरे के मौसम में धैर्य बनाए रखने की सलाह दी।

# 11.56 लाख वोटरों के नाम कटे

## दावा या आपत्ति दर्ज करने का है मौका, 2.87 लाख को भेजा जाएगा नोटिस

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची का ड्राफ्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया। अनंतिम सूची से 11 लाख 56 हजार 305 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, जबकि 2 लाख 87 हजार 612 मतदाताओं को नोटिस जारी कर पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे जाएंगे। मौजूदा फाइनल लिस्ट में कुल 35 लाख 36 हजार 456 वोटर शामिल किया गया है। जिनमें 19 लाख 60 हजार 593 पुरुष, 15 लाख 75 हजार 536 महिलाएं और 327 ट्रांसजेंडर हैं। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हुई थी। इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा क्षेत्र की 12 विधानसभा सीटों में वर्ष 2025 की मतदाता सूची में कुल 46,92,860 मतदाता दर्ज थे। इनमें 25,42,506 पुरुष, 21,49,884 महिलाएं और 470 अन्य मतदाता शामिल थे। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 40,534 युवा मतदाता भी सूची में थे।

### घर-घर सत्यापन में मिले कई मामले

पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) ने हर मतदाता के घर गणना प्रपत्र पहुंचाया, लेकिन बड़ी संख्या में मतदाता घर पर नहीं मिले या उनका पता नहीं चल सका। जांच में सामने आया कि कई मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, कुछ डुप्लीकेट हैं और कई लोग स्थान बदल चुके हैं। इन सभी को अरऊ (एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड) श्रेणी में रखा गया। अरऊ श्रेणी में कुल 11,56,305 मतदाता पाए गए, जिनमें

1.73 लाख मृतक,
1.60 लाख डुप्लीकेट,
4.88 लाख ऐसे जिनके मकान नहीं मिले इन सभी नामों को अनंतिम मतदाता सूची से हटा दिया गया है।

गलत कटे नामों को जोड़ने का मौका यदि किसी मतदाता का नाम गलती से हट गया है, तो वह 6 जनवरी से 6 फरवरी के बीच दावा या आपत्ति दर्ज करा सकता है।

### 2.87 लाख वोटरों से मांगा जाएगा पहचान प्रमाण

इसके अलावा 2,87,612 मतदाताओं को नो मैपिंग श्रेणी में रखा गया है। इन मतदाताओं या उनके माता-पिता/दादा-दादी का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिला। ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजकर पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे जाएंगे। इनका सत्यापन और आपत्तियों का निस्तारण 6 जनवरी से 27 फरवरी तक किया जाएगा।

# माघ मेला: श्रद्धालुओं की सुविधा को लग रहे साइन बोर्ड

अमन लेखनी समाचार

### नगर निगम ने खंभों से हटाए पोस्टर-बैनर



करछना, माघ मेला शुरू होने के बाद नगर निगम प्रशासन ने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए दिन रात लगी हुई है। पहले पर्व पौष पूर्णिमा बीतने के बाद अब दूसरे पर्व पर श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए चौराहों पर साइन बोर्ड लगाने की तैयारी की जा रही है। जिससे आने वाली भीड़ और श्रद्धालुओं को संगम के साथ-साथ अन्य घाटों पर पहुंचने में परेशानियां न हो। साइन बोर्ड के सहारे या श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को नगर निगम प्रशासन की ओर से लगवाई जा रहे साइन बोर्ड के माध्यम से उन्हें सुविधा मिलेगी। इस साइन बोर्ड के जरिए दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु सकुशल घाट पर पहुंच सकेंगे। खंभों पर लगाए जा रहे साइन बोर्ड में आने-जाने वाले मार्गों की पूरी जानकारी होगी। जिससे यात्रियों को परेशानियां न हो। अभियान चला कर नगर निगम हटा रहा होर्डिंग नगर निगम के अधिकारी यमुनापार नैनी के प्रमुख स्थानों और चौराहों पर खंभों में लगाए गए होर्डिंग्स और पोस्टर को हटवा रहे है। चौराहे पर काफी तेजी से यह कार्य किया जा रहा है। नैनी के सब्जी मंडी, काटन मिल, मेवा लाल बगिया, सरगम चौराहा समेत कई चौराहों पर होर्डिंग्स और पोस्टर हटाकर उनके स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जा रहा है। इसके लिए अधिकारी पूरी सक्रियता से लगे हुए है जिससे आने वाले पर्व से पहले श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जा सके मेला क्षेत्र के अंदर भी व्यवस्था लागू मेला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने मेला क्षेत्र में भी यह व्यवस्था लागू की है।

# किसान संगठन ने डीआईओएस कार्यालय को सौंपा ज्ञापन

- **इंटरमीडिएट कॉलेज बंद करने की मांग, दो दिन पहले नकली डीएपी फैक्ट्री का हुआ था भंडाफोड़**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , एक किसान संगठन ने इंटरमीडिएट कॉलेज को तत्काल बंद करने की मांग की है। यह मांग डीआईओएस कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर की गई। दरअसल, दो दिन पहले इसी विद्यालय परिसर में नकली डीएपी और कीटनाशक बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ था। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के मंगलपुर गांव स्थित इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में कृषि अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने छापा मारा था। इस दौरान भारी मात्रा में नकली डीएपी और कीटनाशक बरामद हुए, जो 'बायर' कंपनी के नाम से बनाए जा रहे थे। मौके पर बायर कंपनी के कर्मचारी भी मौजूद थे। छापेमारी में नकली डीएपी के अलावा इसे बनाने के उपकरण भी मिले। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश यादव की शिकायत पर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक शिवम तिवारी और एक मजदूर के खिलाफ 19 गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आज किसान मजदूर सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में किसानों का एक दल डीआईओएस कार्यालय पहुंचा।

# निषेध के बावजूद निकला जुलूस

## तलवारों संग सैकड़ों लोग शामिल, राष्ट्रीय अंबेडकर सेना ने मनाया 'विजय दिवस'

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद एक विशाल जुलूस निकाला गया। बिना अनुमति के निकाले गए इस जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिनके हाथों में तलवारें भी देखी गईं। शहर की सड़कों पर निकले इस जुलूस में दर्जनों घोड़े और सैकड़ों की संख्या में युवा डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसमें बड़ी संख्या में किशोरियां, युवतियां और युवा शामिल थे, और कई युवाओं के हाथों में तलवारें थीं। यह जुलूस राष्ट्रीय अंबेडकर सेना द्वारा 'विजय दिवस' के रूप में आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग महासंघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इसमें भाग लिया। आयोजकों ने इसे सामाजिक चेतना और महापुरुषों के सम्मान में एक कार्यक्रम बताया। जुलूस दूबेपुर ब्लॉक की पुरानी हवाई पट्टी से शुरू हुआ, जिसमें दर्जनों गांवों के लोग शामिल हुए। यह कलेक्ट्रेट गेट और विकास भवन के सामने से होते हुए राजीव गांधी पार्क में समाप्त हुआ, जहां एक प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान 'जय भीम' और 'बाबा साहब अमर रहें' के नारों से सुल्तानपुर गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने समाज में शिक्षा और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उदय प्रताप कोरी उर्फ उदल ने कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक अधिकारों की जानकारी पहुंचाना और डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान की रक्षा करना है। वक्ताओं ने बताया कि सुल्तानपुर में 2017 से लगातार ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं को उनके गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

# 'आप' की चुनावी रणनीति पर बैठक

- **आगामी चुनाव को लेकर संगठन विस्तार और बूथ एजेंट नियुक्ति करने पर जोर**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में आम आदमी पार्टी (आप) की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। तिकोनिया पार्क में आयोजित इस बैठक में पार्टी के आगामी चुनावी रोडमैप और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश गौतम के नेतृत्व में हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग और शासन के निर्देशानुसार बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावी बनाना था। आप नेता अख्तर राइन ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी सांसद संजय सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक वार्ड और विधानसभा स्तर पर 100 प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसका लक्ष्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना है। बैठक के दौरान ओबीसी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अकबर अंसारी का स्वागत किया गया। उन्हें सुल्तानपुर में पिछड़े वर्ग को संगठित और मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अख्तर राइन ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य और सम्मान की राजनीति करती है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की जनोपयोगी नीतियां अब जन-जन तक पहुंच चुकी हैं और आने वाले समय में इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच और भी मजबूती से जाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश प्रजापति, प्रदेश सचिव, जिला महासचिव राम विलास तिवारी सहित संगठन के कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अमेठी पुलिस ने अपराधी की 10 लाख की संपत्ति कुर्क

## गैंगस्टर एक्ट में चोरी और मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्ति पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , जिले की इन्हौंना थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मोहम्मद वकील की 10 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई पड़ोसी जिले बाराबंकी में की गई है। पुलिस के अनुसार, यह संपत्ति चोरी और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से अर्जित की गई थी। कुर्क की गई संपत्ति में एक जमीन शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने चोरी और मादक पदार्थों के अवैध लेनदेन से कमाए गए धन से यह जमीन खरीदी थी। उसने अपराध से अर्जित धन को छिपाने के लिए इसे अपने परिजनों के नाम पर दर्ज कराया था। तिलोई क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि हैदरगढ़, बाराबंकी निवासी मोहम्मद वकील के खिलाफ इन्हौंना थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। मोहम्मद वकील एक शातिर अपराधी है और गैंग लीडर के रूप में सक्रिय रहा है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक लाभ के लिए चोरी और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में चोरी, एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि अपराध से अर्जित संपत्ति के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी ताकि अपराधियों के आर्थिक स्रोतों को खत्म किया जा सके।

# एएमयू कैंपस में शिक्षक की हत्या पर उबाल

## छात्रों ने कैंडल मार्च निकाला, एमयूटीए ने सुरक्षा और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, एएमयू के एबीके यूनियन हाई स्कूल में कंप्यूटर शिक्षक राव दानिश अली की 24 दिसंबर 2025 को विश्वविद्यालय परिसर में गोली मारकर हत्या के बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों में नाराजगी है। शिक्षकों और छात्रों ने एएमयू की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। उधर, एएमयू प्रशासन के अमुटा के सचिव को नोटिस देने का मामला भी गमार्ता जा रहा है।

### लाइब्रेरी के पास हत्या और कैंपस सुरक्षा पर नाराजगी

24 दिसंबर की रात करीब 8:45 बजे मौलाना आजाद लाइब्रेरी के पास शिक्षक राव दानिश पर स्कूटी सवार बदमाशों ने कई राउंड गोलियां चलाकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद विद्यार्थियों में डर का माहौल पैदा हो गया। इस मामले में अमुटा ने आपात बैठक की। इसके बाद एक प्रस्ताव पास किया गया। इसमें अमुटा के सचिव अशरफ मतीन ने एएमयू की सुरक्षा पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि कैंपस में अनधिकृत लोगों की बेरोकटोक आवाजाही ने सुरक्षा की स्थिति को ध्वस्त कर दिया है। इस घटना के बाद शिक्षक, कर्मचारी और छात्र खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं।

### कुलपति के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया

संघ ने कुलपति के बयान को असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। एमयूटीए का कहना है कि जब संस्थान का मुखिया ही असहाय प्रतीत हो, तो जवाबदेही की उम्मीद कैसे की जा सकती है। अमुटा के इस बयान के बाद एएमयू प्रशासन ने सचिव अशरफ मतीन को नोटिस जारी कर दिया।

### कैंडल मार्च और कैंपस में तनाव

हत्या के विरोध में शिक्षकों, छात्रों और पूर्व छात्रों ने 31 दिसंबर को डक पॉन्ड से बाब-ए-सैयद तक कैंडल मार्च निकाला, जिसमें आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग गूंज उठी। विरोध प्रदर्शन में ज्ञात हुआ कि 24 दिसंबर से अब तक हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे कैंपस में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। छात्र आरिफ त्यागी का कहना है कि मौलाना आजाद लाइब्रेरी के पास हुई घटना के बाद से छात्रों में डर का माहौल है। अगर ऐसा ही रहा तो छात्रों की शिक्षा पर इसका असर पड़ेगा। उन्होंने एएमयू की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं।

# पीली ईंट से नाला निर्माण, विधायक ने जेसीबी से गिरवाया

## घटिया सामग्री पर अधिकारियों को फटकार, ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, ददरौल विधानसभा के भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने घटिया सामग्री से बन रहे एक नाले के निर्माण को रुकवा दिया। स्थानीय लोगों की शिकायत पर विधायक ने मौके पर पहुंचकर नाले का निरीक्षण किया और तत्काल जेसीबी से निर्माण को गिरवा दिया। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह प्रकरण कांट ब्लॉक स्थित कांट-मदनापुर रोड की है, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक 9 लाख रुपये की लागत से 450 मीटर लंबा नाला बनाया जा रहा था। विधायक अरविंद सिंह एक अंतिम संस्कार से लौट रहे थे, तभी स्थानीय लोगों ने उन्हें रोककर नाले के निर्माण में पीली ईंटों के इस्तेमाल और घटिया सामग्री की शिकायत की। शिकायत की पुष्टि होने पर विधायक ने तत्काल अधिशासी अधिकारी नूरजहां को टीम के साथ मौके पर बुलाया। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और अपनी मौजूदगी में जेसीबी से किए गए निर्माण को ध्वस्त करवा दिया। विधायक ने भविष्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। विधायक अरविंद सिंह ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लापरवाही और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नाले के निर्माण कार्य की लगातार निगरानी की जाएगी। वहीं, अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया कि उन्होंने कुछ देर पहले ही निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था और उसे रुकवा दिया था। उनके जाने के बाद काम फिर से शुरू कर दिया गया था, जिसके बाद शिकायत मिलने पर विधायक भी मौके पर पहुंच गए।

# शराब ठेके से 37 पेटी शराब चोरी

## 70 हजार नकद, बियर और सीसीटीवी-डीवीआर भी ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , चोरों ने एक शराब ठेके को निशाना बनाया है। चोरों ने दीवार काटकर ठेके से 37 पेटी शराब और बियर के साथ 70 हजार रुपए नकद चुरा लिए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। यह वारदात पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा स्थित देसी शराब के ठेके पर हुई। ठेके के सेल्समैन सुनील कुमार वर्मा देर रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह करीब 10 बजे जब वह दुकान पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि चोरों ने दीवार काटकर ठेके में प्रवेश किया था। चोरों ने ठेके से 20 पेटी देसी शराब और 17 पेटी बियर के अलावा लगभग 70 हजार रुपए की नकदी भी चुरा ली। इसके साथ ही, आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर भी उखाड़कर अपने साथ ले गए, जिससे पुलिस के लिए जांच करना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। सेल्समैन सुनील वर्मा ने तुरंत पट्टी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को



तहरीर दी और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद क्षेत्र के अन्य ठेका संचालकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

# किसान की धारदार हथियार से हत्या

## सरसों के खेत में पड़ा मिला शव, खेत की सिंचाई के दौरान हुई वारदात

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , नरी गांव में एक किसान की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह घटना खेत की सिंचाई के दौरान हुई। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। मृतक की पहचान 60 वर्षीय रामलखन यादव के रूप में हुई है। रात वह अपने गेहूं के खेत की सिंचाई कर रहे थे, तभी उनकी हत्या कर शव सरसों के खेत में फेंक दिया गया। रामलखन के परिवार ने 25 साल पहले हुई एक महिला की मौत से जुड़े मारपीट के मामले को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में एक और मारपीट का मामला भी सामने आया है। पुलिस ने दोनों मामलों से जुड़े लोगों से पूछताछ की है, लेकिन अभी तक कोई महत्वपूर्ण जानकारी नहीं मिली है। हत्या का खुलासा करने के लिए अंतू पुलिस के साथ स्वॉट टीम भी जांच में जुटी है। पुलिस ने भी घटनास्थल पर गहन छानबीन की।

## संक्षेप

### दो बाइकों की टक्कर, युवक घायल

**मवीकला गांव के पास हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , कोतवाली क्षेत्र के मवीकला गांव के समीप बृहस्पतिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में हरियाणा निवासी एक युवक मामूली रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायल युवक की पहचान हरियाणा निवासी यामीन के रूप में हुई है। यामीन अपनी बाइक से लोनी से बागपत की ओर आ रहा था। मवीकला गांव के पास पहुंचते ही उसकी बाइक सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं और यामीन सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल यामीन की मदद की और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और यामीन को उपचार के लिए जिला अस्पताल बागपत में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक को हल्की चोटें आई हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बागपत कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइकों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मवीकला गांव के पास सड़क पर अक्सर तेज गति से वाहन चलते हैं, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने घायल युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### दुकानदार से हजारों की ठगी

**फर्जी डिजिटल पेमेंट कर सामान ले गए, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , रटौल में एक बिजली के सामान की दुकान पर दुकानदार से 11 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने फर्जी डिजिटल भुगतान कर दुकानदार को चूना लगाया और सामान लेकर फरार हो गए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रटौल निवासी राजीव गर्ग पुत्र रामप्रकाश की रटौल मेन बाजार में बिजली के उपकरण बेचने और ठीक करने की दुकान है। दोपहर करीब दो बजे बुर्के में एक महिला और एक पुरुष बाइक से उनकी दुकान पर पहुंचे। उन्होंने बिजली के उपकरण खरीदे, जिनका कुल बिल 11 हजार रुपए बना। खरीदार पुरुष ने दुकानदार को 11 हजार रुपए फोन पे करने का दावा किया और भुगतान का एक फर्जी स्क्रीनशॉट दिखा दिया। दुकानदार ने जिस नंबर पर पैसे डलवाए थे, वह उसके बेटे का नंबर था। उनके जाने के बाद जब दुकानदार ने अपने बेटे से पैसे आने के बारे में पूछा, तो बेटे ने पैसे मिलने से इनकार कर दिया। तब दुकानदार को ठगी का अहसास हुआ, लेकिन तब तक ठग फरार हो चुके थे। इस घटना को लेकर रटौल बाजार में चर्चा बनी हुई है और अन्य दुकानदारों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# ताबड़तोड़ चोरियों से सहमा कुलखेड़ा गांव फिर हुई चोरी

**चोरों के हौसले बुलंद उच्च प्राथमिक विद्यालय का पूरा सामान गायब**

### 123 बिजी ट्रांसफार्मर का तेल किया साफ

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। प्रशासन की कड़ी चौकसी के बाद भी चोरों का आतंक कम होता नहीं दिखाई दे रहा है जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलखेड़ा गांव को निशाना बनाने वाले चोरों ने लगातार दूसरे दिन भी एक बड़ी घटना को अंजाम दिया पंचायत भवन में हुई विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को हुई चोरी का खुलासा प्रशासन कर नहीं पाई वहीं चोरों ने दूसरे दिवस सोमवार प्रथम मंगलवार की रात्रि को गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार काटकर किचन में रखा सारा सामान पार कर दिया यह दृश्य दिन में जब ग्रामीणों ने देखा तो विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को फोन करके सूचना दी विद्यालय पहुंची प्रधानाध्यापिका सरोज सोनकर ने ताला खोला जहां देखा गया कि नकप काटकर अंदर रखे समान दो बड़े गैस सिलेंडर तीन बड़े भगौना दो कड़ाही एक बड़ी भठ्ठी तथा एक छोटी भट्टी दो प्रेशर कुकर चार बाल्टी इलेक्ट्रॉनिक तराजू तसला टंकी समेत बच्चों के खाने के प्लेट थाली गिलास जो सैकड़ो की संख्या में थी वह भी पार कर दिया किचन के अंदर का सारा सामान गायब मिला जहां प्रधानाध्यापिका ने पुलिस प्रशासन को सूचना देते हुए लिखित रूप में तहरीर दी मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने तहकीकात करते हुए छानबीन प्रारंभ की वही ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने गांव में रखें 123 बिजी राजकीय नलकूप के ट्रांसफार्मर से सारा तेल निकाल दिया विगत नवंबर माह से हो रही लगातार घटनाओं से पूरा गांव सदमे में है जहां ग्रामीणों के अंदर चोरों का आतंक पूर्ण रूप से रूप में व्याप्त हो चुका है परंतु निरंतर हो रही घटनाओं का स्थानीय पुलिस प्रशासन कोई अनावरण अभी तक नहीं कर पाई ताजी घटना की जानकारी मिलने के बाद भी थाना प्रभारी ने कहा कि जानकारी मिली है कार्यवाही की जा रही हैं

# बालाजी स्ट्राइकर लखनऊ पहुंची सेमीफाइनल

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। क्षेत्र के ग्राम बुढ़वा के आईटीआई मैदान में चल रहे आरपीएल प्रीमियर लीग के पांचवें दिन के खिलाड़ियों के रोमांचक प्रदर्शन का दर्शकों ने आनंद लिया बालाजी स्ट्राइकर लखनऊ की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन मैच जीत कर शानदार तरीके से सेमीफाइनल में प्रवेश किया विजेता टीम बालाजी स्ट्राइकर के खिलाडियों ने 12 ओवर में 120 रन बनाए जबकि जवाब में उतरी आर्मी सुपर किंग्स टीम पूरे 12 ओवर खेल कर नौ विकेट पर महज 74 रन ही बना सकी वहीं सुबह के मैच में कृष्णा सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट पर 95 रन बनाए जिसके जवाब में हंक इलेवन भलिगवां की टीम के खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन करते हुए 11.2 और में 97 रन बनाकर शानदार तरीके से मैच जीत लिया विजेता टीम बालाजी स्ट्राइकर के खिलाड़ी मनीष चौहान एवं विजेता टीम हंक इलेवन के खिलाड़ी आकाश सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित कर खिताब देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आशीष सचान ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए मैच का फीता काटकर शुभारंभ किया बालाजी स्ट्राइकर टीम लखनऊ के संरक्षक एवं आरपीएल प्रीमियर लीग के अध्यक्ष सर्वेश तिवारी वाइस चेयरमैन अभिराम मोनू मिश्रा विराट शुक्ला मोहम्मद हसन मुकुल तिवारी ग्राम प्रधान सनोज कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया यह दौरान बड़ी संख्या में अतिथियों समेत दर्शकों के विशाल जन समुदाय ने खिलाड़ियों के रोमांचक प्रदर्शन का आनंद लिया

### विभिन्न मुद्दों को लेकर भाकियू टिकैत गुट की हुई बैठक

**राष्ट्रीय संगठन मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष रहे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार

बिदकी, फतेहपुर। बिंदकी कस्बे के मोहल्ला फाटक बाजार के समीप लंका रोड स्थित भारती किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यालय में विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को दिन में करीब 1:00 बजे से संगठन की पंचायत शुरू हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में खाद का संकट लगातार बना हुआ है। कड़कती भीषण ठंड में एक-एक बोरी यूरिया खाद के लिए किसान भोर पहर से ही समितियां के बाहर लाइन लगाकर खड़ा हो जाता है लेकिन उसे खाद नसीब नहीं होती है यह सब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यूनियन के लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने का काम करेंगे। यूनियन के पंचायत में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम ने कहा कि पूरे प्रदेश में आवारा मवेशियों की समस्या बनी हुई है किसान परेशान है यूनियन शासन प्रशासन से मांग करता है कि आवारा मवेशियों को गौशाला में भेजा जाए अन्यथा हमारा संगठन अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर देगा। पंचायत में यूनियन के प्रदेश सचिव रामसाहेब पटेल ने कहा कि बिंदकी के सब्जी मंडी में आढतियो द्वारा तौलाई के नाम पर 2 से ?5 प्रति किलो तक वसूली की जाती है जो पूरी तरह से गैर कानूनी है इसे बंद होना चाहिए। यह किसानों का शोषण है। यूनियन के मंडल महासचिव देवनारायण पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को रात में बिजली मिल रही है जिससे किसान ठंड से परेशान रहता है यूनियन की मांग है की रात में बिजली न देकर दिन में दी जाए जिससे किसान खेतों की सिंचाई आसानी से कर सके। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने कहा यदि समस्याएं हल नहीं हुई तो यूनियन के लोग चुप बैठने वाले नहीं है वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर यूनियन के लोगों ने प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक उत्तम का जन्मदिन केक काटकर मनाया और एक दूसरे को खिलाया भी। यूनियन के पंचायत में यूनियन के नेता दिनेश शुक्ला यदुनंदन आर्य राजेश कुमारी उत्तम, मुन्ना शेख, इकलाख, छोटेलाल रमाशंकर मोइद अहमद हीरालाल प्रजापति ममता गुप्ता कामता निषाद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर भाकियू टिकैत गुट की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

**राष्ट्रीय संगठन मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष रहे मौजूद**



बिदकी, फतेहपुर। बिंदकी कस्बे के मोहल्ला फाटक बाजार के समीप लंका रोड स्थित भारती किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यालय में विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को दिन में करीब 1:00 बजे से संगठन की पंचायत शुरू हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में खाद का संकट लगातार बना हुआ है। कड़कती भीषण ठंड में एक-एक बोरी यूरिया खाद के लिए किसान भोर पहर से ही समितियां के बाहर लाइन लगाकर खड़ा हो जाता है लेकिन उसे खाद नसीब नहीं होती है यह सब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यूनियन के लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने का काम करेंगे। यूनियन के पंचायत में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम ने कहा कि पूरे प्रदेश में आवारा मवेशियों की समस्या बनी हुई है किसान परेशान है यूनियन शासन प्रशासन से मांग करता है कि आवारा मवेशियों को गौशाला में भेजा जाए अन्यथा हमारा संगठन अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर देगा। पंचायत में यूनियन के प्रदेश सचिव रामसाहेब पटेल ने कहा कि बिंदकी के सब्जी मंडी में आढतियो द्वारा तौलाई के नाम पर 2 से ?5 प्रति किलो तक वसूली की जाती है जो पूरी तरह से गैर कानूनी है इसे बंद होना चाहिए। यह किसानों का शोषण है। यूनियन के मंडल महासचिव देवनारायण पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को रात में बिजली मिल रही है जिससे किसान ठंड से परेशान रहता है यूनियन की मांग है की रात में बिजली न देकर दिन में दी जाए जिससे किसान खेतों की सिंचाई आसानी से कर सके। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने कहा यदि समस्याएं हल नहीं हुई तो यूनियन के लोग चुप बैठने वाले नहीं है वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर यूनियन के लोगों ने प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक उत्तम का जन्मदिन केक काटकर मनाया और एक दूसरे को खिलाया भी। यूनियन के पंचायत में यूनियन के नेता दिनेश शुक्ला यदुनंदन आर्य राजेश कुमारी उत्तम, मुन्ना शेख, इकलाख, छोटेलाल रमाशंकर मोइद अहमद हीरालाल प्रजापति ममता गुप्ता कामता निषाद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ व्यक्ति की मौत

अमन लेखनी समाचार



बकेवर, फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव से आ रहे साइकिल सवार अधेड़ को स्टेट हाईवे पर चढ़ते ही जहानाबाद की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगिरोंक्ष ने पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सीएससी इलाज के लिए जहानाबाद भेजा। जानकारी के अनुसार बाबूराम सैनी का पुत्र शिवमोहन सैनी (55) निवासी मथुरापुर अपने बडे लडके सतीश को जो आलमपुर पानी की टंकी मे कार्यरत है जिसको खाना देने के लिए जा रहा था, तभी मथुरापुर मोड से स्टेट हाईवे पर चढ़ते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएससी पहुंचने पर उसको चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी कृष्णा देवी और तीन पुत्र सतीश, संदीप और सत्येंद्र है। जिनका रो-रो कर हाल बुरा है। थानाध्यक्ष सुमित देव पांडेय ने बताया कि छोटे लड़के सत्येंद्र द्वारा अज्ञात वाहन की टक्कर की सूचना पर मुकदमा पंजीकृत कर पीएम के लिए शव भेजा गया है।

# थानेदार ने पीठ पर लगाया मोबाइल, कहा-तुम बांग्लादेशी हो

**गाजियाबाद में बिहार के युवक पर उठाए सवाल, बेटी आधार दिखाती रही**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए उनकी पीठ पर मशीन लगाने का मामला सामने आया है। यह मशीन पुलिस की टीम लगा रही। उस मशीन के हवाले से पुलिसवाले दावा कर रहे हैं कि यह भारतीय नहीं, बांग्लादेशी है। हालांकि, युवक पुलिस के इस दावे को नकारते हुए खुद को बिहार के अररिया का निवासी बता रहा। मामला कौशांबी थाना क्षेत्र के भोवापुर के पास स्लम एरिया का है। वीडियो 23 दिसंबर का है, जो अब सामने आया है। इसमें पीठ पर मशीन लगाकर नागरिकता जांचने की बात कौशांबी थाना को रल्ड अजय शर्मा कहते दिख रहे हैं। वह अपने मोबाइल को मशीन बताकर युवक की पीठ पर रखकर उससे सवाल कर रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद रल्ड की कार्यशैली पर सवाल हो रहे हैं। लोग इस तरीके की आलोचना कर रहे हैं।

गाजियाबाद के कौशांबी थाने के इंचार्ज अजय शर्मा 23 दिसंबर को स्लम एरिया में रहने वालों की नागरिकता जांचने पहुंचे थे। उनके साथ लोकल पुलिस और फअत्र्र के जवान भी थे। अजय शर्मा टीम के साथ वहां रहने वालों की नागरिकता की पहचान करने लगे। उनसे उनकी पहचान से जुड़े दस्तावेज मांगे। इसी बीच एक युवक और उसके परिवार के लोग अपने हाथ में पहचान पत्र लेकर सामने आए। उसे देखने के बावजूद एसएचओ कहने लगे कि ये लोग बांग्लादेशी हैं। युवक और उसके परिवार की महिलाएं कहने लगीं कि नहीं वो सभी लोग बिहार के अररिया के रहने वाले हैं।

# कचहरी में अधिवक्ताओं ने फांसी के फंदे लटकाए

**अधिवक्ताओं द्वारा बनाए गए चैंबर तोड़ने पहुंची थी पुलिस, सभी को नोटिस जारी किए गए**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कचहरी में चैंबर के लिए भटक रहे कुछ अधिवक्ताओं ने रातों रात खुद ही चैंबर तैयार कर डाला। सुबह टीम पहुंची तो बखेड़ा हो गया। इन अधिवक्ताओं ने खुद को चैंबर में लॉक किया और फांसी के फंदे लटका दिए। उनका कहना था कि अगर उन्हें हटाने का प्रयास किया तो वह फांसी लगाकर जान दे देंगे। फिलहाल टीम वहां से लौट गई है, और सभी अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।

### पहले एक नजर पूरे मामले पर

कचहरी में प्याऊ चौराहे के पास काफी पुरानी एक जगह है। लंबे समय से यहां कूड़ा डाला जा रहा था। गुरुवार सुबह अधिवक्ता कचहरी पहुंचे तो देखा कूड़े वाली जगह पर नया चैंबर खड़ा हो गया है। पता चला कि कुछ अधिवक्ताओं ने रातों रात यह चैंबर बनाया है, जिसकी दीवारें लोहे के जाल से तैयार की गई हैं। देखते ही देखते विरोध होने लगा और मौके पर पुलिस आ गई। कई घंटे हंगामा होता रहा लेकिन अधिवक्ताओं ने चैंबर हटाने से इंकार कर दिया। प्रभारी अधिकारी पहुंचे मौके पररातोंरात तैयार हुए चैंबर की भनक लगते ही कचहरी में खलबली मच गई। केंद्रीय नजारद जनपद न्यायालय मेरठ के प्रभारी अधिकारी नाजिर आलोक द्विवेदी वहां आ गए और अधिवक्ताओं से बात की। अधिवक्ताओ ने खुद को लॉक कर लिया। बाहर से ही आलोक द्विवेदी ने उनसे बात की और समझाने का प्रयास किया लेकिन अधिवक्ता कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। इसके बाद वहां पुलिस फोर्स बुला ली गई। सीओ सिविल लाइन पहुंचे कचहरीकचहरी में अवैध कब्जे पर हंगामे की सूचना पाकर सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी वहां पहुंच गए। उनके साथ काफी फोर्स रही। उन्होंने अधिवक्ताओं से चैंबर खुलवाने का प्रयास किया तो विवाद और बढ़ गया। आस पास के अधिवक्ता भी विरोध में खड़े हो गए। धमकी देने पर बना लिए फंदेपुलिस की मौजूदगी में अधिवक्ताओं से बात की जा रही थी लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने धमकाया तो वह और ज्यादा उग्र हो गए। उन्होंने सामने के सामने फंदे तैयार किए और जबरदस्ती करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या की धमकी दे डाली।सभी अधिवक्ताओं को जारी हुए नोटिसइसके बाद मामला न्यायिक अफसरों तक पहुंच गया।

# डिवाइडर से टकराई बेकाबू ब्रेजा कार

**एक की मौत, साथी घायल, नई कार में अभी तक नहीं पड़ा था नंबर**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सेक्टर-51 के पास न्यू ब्रेजा कार डिवाइडर से टकरा गई। कार का अब तक नंबर भी मिला था। कार में दो युवक थे। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज किया जा रहा है। मृतक की पहचान



झज्जर निवासी रोहित 20 साल हुई है। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी है। दरअसल तेज रफ्तार ब्रेजा कार सेक्टर-51 के पास से जा रही थी। स्पीड ज्यादा होने की वजह से कार बेकाबू हो गई। और होशियारपुर गली नंबर-1 के पास डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कार का बोनट और साइड दोनों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कार की स्पीड करीब 120 के आसपास रही होगी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बाहर निकाला और नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। वहां रोहित की मौत हो गई। जबकि उसका साथी संजू का इलाज किया जा रहा है। उसकी उम्र करीब 22 साल है। पुलिस ने बताया कि कार नई है।

# गैस लीकेज से घर में लगी आग

**चार लोग झुलस गए, उनमें एक की हालत गंभीर; अस्पताल में भर्ती**





अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में गैस लीकेज के कारण एक घर में आग लग गई। इस हादसे में चार लोग झुलस गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना दादरी थाना क्षेत्र की एक्सकोर्ट कॉलोनी में देर शाम हुई। बुलंदशहर के अनूपशहर निवासी गंगाशरण अपने परिवार के साथ यहां किराए पर रहते हैं। उनके गैस सिलेंडर में लीकेज हो रही थी, जिसे ठीक करने के लिए उन्होंने गैस मैकेनिक सोनू को बुलाया था।शाम के समय सोनू गैस चूल्हे और सिलेंडर की जांच कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस के घर में खाना बन रहा था। पड़ोस के घर से निकली आग की चिंगारी ने लीकेज हो रही गैस को पकड़ लिया, जिससे गंगाशरण के घर में तेजी से आग फैल गईआग की चपेट में गंगाशरण (42), उनकी पत्नी मुनेश (40), उनका बेटा वरुण (12) और मैकेनिक सोनू आ गए। चारों गंभीर रूप से झुलस गए।आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत आग पर काबू पाया और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# 15वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्सवुड सोसाइटी में हादसा, पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्सवुड सोसाइटी में नए साल का जश्न एक युवक के लिए दुखद साबित हुआ। रात पार्टी के दौरान सोसाइटी की 15वीं मंजिल से गिरकर 31 वर्षीय विनीत की मौत हो गई। बिसरख कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक के दोस्तों से पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार, मृतक विनीत 15वीं मंजिल पर एक फ्लैट में किराए पर रहता था। वह नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत था। रात वह अपने फ्लैट पर दोस्तों के साथ नए साल का जश्न मना रहा था। देर रात पार्टी के दौरान विनीत संदिग्ध परिस्थितियों में 15वीं मंजिल से नीचे आ गिरा। घटना के बाद उसके दोस्त मौके से भाग निकले। सोसाइटी के लोगों ने विनीत को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने विनीत के दोस्तों का पता लगाकर उनसे पूछताछ की है। विनीत मूल रूप से बिहार के सिवान जिले के तरवारा गांव का निवासी था। उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि विनीत के फ्लैट पर कौन-कौन लोग आए थे। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि विनीत खुद नीचे गिरा या उसे किसी ने धक्का दिया।

# गमछा बनियान में विकास वीबी जी राम जी योजना में फर्जी हाजिरी का बड़ा खेल, नाबालिग बच्ची की फोटो से भरी मस्टर रोल

अमन लेखनी समाचार



खढेही लोधन मुस्करा (हमीरपुर)। सरकार ने भले ही मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी) कर दिया हो, लेकिन जमीनी हकीकत में भ्रष्टाचार की तस्वीर जस की तस बनी हुई है। मुस्करा विकासखंड में योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में फर्जीवाड़े का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां कड़ाके की सर्दी में गमछाझबनियान पहने मजदूरों और एक नाबालिग बच्ची की तस्वीरें अपलोड कर हजारों मजदूरों की फर्जी हाजिरी दर्शा दी गई। मामला एक जनवरी का है, जब भीषण ठंड के बीच मुस्करा ब्लॉक की 16 ग्राम पंचायतों के 51 कार्यों के लिए 309 मस्टर रोल में 2,913 मजदूरों के काम करने का दावा किया गया। लेकिन जब मस्टर रोल में अपलोड की गई तस्वीरों की पड़ताल की गई, तो सच्चाई चौंकाने वाली निकली। अपलोड तस्वीरों में कहीं भी सैकड़ों मजदूर दिखाई नहीं दे रहे। महज 40झ50 लोग दिखने वाली एक ही फोटो को 15 से 20 बार तक अलग-अलग मस्टर रोल में अपलोड कर दिया गया। यही नहीं, कई मजदूरों की वही तस्वीरें एक से अधिक ग्राम पंचायतों के कार्यों में दोहराई गईं, जिससे साफ है कि हाजिरी पूरी तरह फर्जी तरीके से भरी गई। भ्रष्टाचार की हद तब पार हो गई जब मजदूरों के बीच एक नाबालिग बच्ची को खड़ा कर उसकी फोटो खींची गई और उसे भी सरकारी पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया। यह न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बाल श्रम कानूनों की खुली अवहेलना भी है। ग्राम पंचायत गहरौली में सीसी रोड से धरम मास्टर के खेत तक खड़ंजा कार्य सहित अन्य कार्यों में 437 मजदूर

खड़ेही लोधन में नाला खुदाई और तालाब सौंदर्यीकरण में 472 मजदूर, कंधौली में 316, बसवारी में 188, गुंदेला में 222 मजदूरों के काम करने का दावा किया गया। जबकि हकीकत में किसी भी फोटो में इतने मजदूर नजर नहीं आते। यही स्थिति टीहर, बिहुनी कलां, रूरी पारा, बसवारी समेत अन्य पंचायतों की भी है। जांच पड़ताल में यह भी सामने आया है कि कई जगह पुरानी तस्वीरों को दोबारा अपलोड कर नए मस्टर रोल भर दिए गए। यानी काम चाहे हुआ हो या नहीं, भुगतान निकालने की पूरी तैयारी पहले से कर ली गई थी।

योजना का नाम बदला, लेकिन सिस्टम नहीं बदला। सरकारी धन की खुली लूट हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी या तो आंख मूंदे बैठे हैं या फिर सब कुछ जानकर भी अनजान बने हुए हैं। इस पूरे मामले पर डीसी मनरेगा राघवेंद्र सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सिर्फ जांच होगी या फिर इस संगठित फर्जीवाड़े पर ठोस कार्रवाई भी नजर आएगी या फिर योजना का नाम बदलकर भ्रष्टाचार को फिर से ढक दिया जाएगा

## संक्षेप

### पति पत्नी और बचाने आई महिला से मारपीट प्राथमिकी दर्ज

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई। कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कटरी छिबरामऊ में रास्ते में हुए विवाद को लेकर महिला, उसके पति और उन्हें बचाने आई महिला के साथ मारपीट की। घटना में तीनों घायल हुए मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चिरंजू पुरवा मजरा कटरी बिछुइया निवासी पूनम देवी पत्नी अखिलेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि एक जनवरी को शाम लगभग 6 बजे अपने पति अखिलेश के साथ नए मकान ग्राम कटरी छिबरामऊ जा रही थीं। इसी दौरान ग्राम मोहन पुरवा मजरा कटरी छिबरामऊ में महेंद्र के घर के सामने पहुंचे तो गांव निवासी सुनील, राना रवि सिंह, विनय, सत्यम और महेश ने उनसे विवाद करते हुए गाली-गलौज किया अखिलेश कुमार के विरोध करने पर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब पूनम देवी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटा। घटना देख पास में रहने वाली नीलम देवी बचाने पहुंचीं, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कोतवाल अरविंद राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट व दलित उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई। ग्राम अहमदापुर मजरा रणेना हबीबनगर निवासी जगरूप ने पुलिस को तहरीर दी कि गत 3 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे वह अपने खेत सरसों की फसल की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान गांव के नरेंद्र रामबक्स पतिराखन एकजुट होकर मौके पर पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे धमकाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूसों से मारपीट की। शोर सुनकर ग्रामीण ज्ञान प्रकाश और मधु देवी सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# घटिया सामग्री समेत पीला ईंटो से किया गया आरआरसी सेंटर निर्माण

**संचालन होने से पहले ही, ध्वस्त होने की कगार पर**

**ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मानक सामग्री से पुनर्निर्माण की मांग की है।**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। टोडरपुर क्षेत्र के गांव उमरौली में आर आर सी0 सेंटर में कराए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि निर्माण में पीली ईंटों समेत घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे भवन की मजबूती और मानकों पर संदेह पैदा हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों को दरकिनार कर कार्य कराया गया और गुणवत्ता की कोई जांच नहीं हुई। यह मामला विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरौली का है जहां आर आर सी0 सेंटर निर्माण के नाम पर जिम्मेदारों ने खाओ- कमाई में कोई कसर नहीं छोड़ी, संचालन होने से पहले ही यह आरआरसी0 सेंटर ध्वस्त होता नजर आ रहा है क ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि जिम्मेदारो ने उच्च अधिकारियों से साठगांठ कर सरकारी धन पर ह्डांकाह्व डाला है। मानक सामग्री की जगह सस्ती और कमजोर सामग्री लगाकर बजट की बंदरबांट की गई। निर्माण स्थल पर न तो इंजीनियरिंग मानकों का पालन दिखा और न ही कार्य की पारदर्शी निगरानी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो भविष्य में यह भवन हादसे का कारण बन सकता है। मामले में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मानक सामग्री से पुनर्निर्माण की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाता है और सरकारी धन के दुरुपयोग की सच्चाई कब सामने आती है

# संडीला में ई-रिक्शा चालकों का प्रदर्शन, उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

संडीला। नगर में ई-रिक्शा चालकों के सामने खड़े हुए आजीविका के संकट को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) धरतीपुत्र ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रफीक लम्बू के नेतृत्व में दर्जनों चालकों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। ?ज्ञापन के अनुसार, नगर प्रशासन ने केवल 40 ई-रिक्शा चालकों को संचालन की अनुमति दी है, जबकि 120 अन्य चालक बिना किसी स्पष्ट कारण के इस अधिकार से वंचित हैं। उचित रूट और अनुमति न होने के कारण इन गरीब परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। संगठन ने मांग की है कि शेष चालकों को भी इमलियाबाग से बस अड्डा मार्ग पर संचालन की अनुमति दी जाए। उपजिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन दिन के भीतर समाधान का आश्वासन दिया है। गरीबी और बेरोजगारी का दंश झेलता श्रमिक वर्ग ?ई-रिक्शा चालकों का यह प्रदर्शन केवल एक प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी की गहरी तस्वीर पेश करता है। आज एक बड़ा श्रमिक वर्ग खेती और भारी मजदूरी छोड़कर स्वरोजगार के रूप में ई-रिक्शा जैसे साधनों को अपना रहा है, ताकि सम्मान के साथ दो वक्त की रोटी कमा सके। जब प्रशासन की नीतियां इन छोटे स्वरोजगारियों के अनुकूल नहीं होतीं, तो इसका सीधा असर उनके चूल्हे पर पड़ता है। 120 चालकों को अनुमति न मिलना केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि 120 परिवारों के बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर संकट है। गरीबी से निपटने के लिए केवल योजनाओं की नहीं, बल्कि धरातल पर ऐसे संवेदनशील निर्णयों की आवश्यकता है जो गरीब को काम करने का अवसर प्रदान करें। यदि रोजगार के इन छोटे अवसरों को भी लालफीताशाही की भेंट चढ़ा दिया गया, तो बेरोजगारी का आंकड़ा समाज में अपराध और हताशा को और बढ़ावा देगा।

# उपजिलाधिकारी ने फीता काट कर वोटर पुनरीक्षण रजिस्ट्रेशन कक्ष का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। उपजिलाधिकारी ने फीता काटकर वोटर पुनरीक्षण रजिस्ट्रेशन कक्ष का किया शुभारंभ। मंगलवार को कस्बे के रहमानियां इंटर कालेज में उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह, तहसीलदार शेखर मिश्रा एवं कालेज प्रधानाचार्य डॉ रज़िया सुल्ताना ने कालेज में स्थापित वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। बताते चलें की भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा शुरू किए गए विशेष पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम जिसमें 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नये मतदाताओं को मतदाता सूची अपना नाम दर्ज कराने हेतु शुरू किए गए अभियान के तहत नगर के रहमानिया इंटर कालेज में इस अभियान का शुभारंभ हुआ। जिसमे उपजिलाधिकारी ने कालेज में उपस्थित पुराने एवं नये मतदाताओं को जागरूक करने के साथ बीएलओ कक्ष का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# हरदोई में 'सफेदपोश' तस्करी का काला खेल, राजस्व को करोड़ों का चूना

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद में परिवहन माफिया और भ्रष्ट तंत्र के गठजोड़ ने सरकार की नाक के नीचे एक समांतर 'काला साम्राज्य' खड़ा कर दिया है। बावन कस्बे से दिल्ली के बीच फरार्टा भर रही 'डबल डेकर' बसें अब केवल यात्रियों का साधन नहीं, बल्कि ॠरळ चोरी और अवैध तस्करी का सुरक्षित कॉरिडोर बन चुकी हैं। सूत्रों और स्थानीय लोगों द्वारा वायरल किए गए वीडियो डराने वाले हैं। बावन बस स्टैंड और पेट्रोल पंपों पर रात के सन्नाटे में ये बसें खड़ी होती हैं, जहाँ से बिना किसी बिल या रिकॉर्ड के बड़े-बड़े कार्टून ई-रिक्शा और निजी वाहनों में लादे जाते हैं। चर्चा है कि इन पार्सलों में न केवल लाखों का बिना टैक्स वाला माल है, बल्कि संदिग्ध वस्तुएं भी हो सकती हैं। 'चौधरी ट्रैवेल्स' जैसी रसूखदार बसों और बावन निवासी 'कादिर' जैसे लोगों के रसूख के आगे विभाग ने घुटने टेक दिए हैं। हाल ही में सरकारी बसों में असलहा तस्करी के खुलासे ने यह साफ कर दिया है कि इन अवैध बसों का नेटवर्क कितना गहरा हो सकता है। बिना किसी चेकिंग और रिकॉर्ड के चलने वाली ये बसें किसी बड़ी अनहोनी या साजिश का जरिया बन सकती हैं ?श्हैरानी की बात यह है कि माल लेने वाला कभी सामने नहीं आता, केवल ई-रिक्शा चालकों के जरिए खेल खेला जाता है। यह बेनामी कारोबार न केवल राजस्व को प्रतिमाह लाखों की चपत लगा रहा है, बल्कि सड़क सुरक्षा के मानकों को भी ठेंगा दिखा रहा है। श्क्या परिवहन विभाग और पुलिस को इस 'काले साम्राज्य' की भनक नहीं है ? या फिर 'महीने की मोटी रकम' ने अधिकारियों की आँखों पर पट्टी बांध दी है ? जनता अब सवाल कर रही है कि क्या प्रशासन किसी बड़े खून-खराबे या हादसे के बाद ही जागेगा ? यदि इन अवैध 'डग्गामार' बसों पर तत्काल नकेल नहीं कसी गई, तो हरदोई का यह 'अपराध कॉरिडोर' प्रदेश की सुरक्षा के लिए नासूर बन जाएगा।

# गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने मंडी में बाटी खिचड़ी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने नवीन गल्ला मंडी के मुख्य गेट पर स्टाल लगाकर गल्ला मंडी में आने जाने वाले किसानो, पल्लेदारों, कमीशन एजेंटों, व्यापारियों के साथ राहगीरों को खिचड़ी का वितरण कराया गल्ला तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में मंगलवार को संघ की ओर से नवीन गल्ला मंडी के मुख्य गेट पर स्टाल लगाकर किसानों व्यापारियों, पल्लेदारों, कमीशन एजेंटों, राहगीरों को गर्म खिचड़ी का वितरण कराया गया। इस मौके पर अभिषेक शिवहरे आदि तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# सर्द हवाओं से कांपे लोग कोहरा एंव सर्दी फसलों के लिए आफत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कोहरे एवं सर्दी के सितम का कहर फसलों में जारी रहने से फसलों की सेहत बिगड़ रही है। इससे किसान चिंतित है कोहरे के साथ शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से पशु पक्षी के साथ आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है मंगलवार को पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए दोपहर तक वाहन हेडलाइट जलाकर रेंगते नजर आए। बगैर बरसात के पड़ रहा कोहरा दलहनी-तिलहनी फसलों में विपरीत असर डाल रहा है। इससे किसान चिंतित हो उठा है। शीतलहर के चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं।

### युवती को बहला फुसला कर ले जाने का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के बांक गांव में एक युवक गांव की युवती को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। पिता ने पुत्री को भाग ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। बांक गांव निवासी एक पिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गांव निवासी कमल प्रजापति गत एक जनवरी को बहला फुसलाकर भाग ले गया। पुलिस ने कमल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### दलित युवकों को दबंगों ने मारपीट करके किया मरणासन्न

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। दलित युवक को घर से ले जाकर नलकूप में मारपीट करके मरणासन्न कर देने पर युवक के भाई ने गांव के दो युवकों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना गत 29 दिसंबर की है। भमौरा निवासी यादवेंद्र ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई सत्येंद्र प्रताप को गांव निवासी हेमांशु सिंह एवं अजय सिंह अज्जू गत 29 दिसंबर को 3:00 बजे घर से अपने नलकूप पर लिवा गए थे और जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट करके मरणासन्न कर दिया। सूचना मिलने पर वह नलकूप पहुंचा और भाई को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों युवको के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है

### पुलिया क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों पर हादसे का खतरा

अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड नंबर एक में पूर्व चेयरमैन शिवनारायण सोनकर के पुराने मकान के पास पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पुलिया से आने-जाने वाले लोगों का जान का खतरा मंडरा रहा है, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है मुहल्ले के निवासी कामता वर्मा, राजेंद्र, राममिलन और अमीन खान ने नगर पंचायत से पुलिया की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। सभासद गोपाल बजाज ने बताया कि यह पुलिया मुख्य मार्ग पर है। पुलिया की छत टूट जाने से वहां से गुजरने वालों के लिए खतरा मंडरा रहा है। खासकर रात में स्थिति भयावह हो जाती है। इससे बच्चों और बुजुर्गों के सर्वाधिक खतरा बना हुआ है। ईओ दिनेश आर्य ने कहा कि क्षतिग्रस्त पुलिया को ठीक कराया जाएगा।

# कमीशन' के फेर में 'मिशन' भूली सहकारी समिति: मेडिकल स्टोर है या मुनाफे की मशीन?

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिले में सरकारी और ट्रस्ट की जमीनों पर 'कब्जा-कब्जा' खेलने का खेल नया नहीं है, लेकिन ताजा मामला थोड़ा निराला है। कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष आशीष सिंह ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा 'दर्द' छेड़ा है, जिसकी दवा शायद ही प्रशासन के पास हो। मामला सिनेमा चौराहा स्थित हरदोई केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड का है, जो खुद का स्टोर चलाने के बजाय एक निजी व्यापारी के मेडिकल स्टोर को अपनी 'छतरी' दे रहा है। आशीष सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि जब 1963 में इस समिति का जन्म ही इसलिए हुआ था कि जनता और सरकारी कर्मचारियों को सस्ती दवाएं और सामान मिले, तो फिर समिति किसी निजी व्यापारी की 'बैसाखी' क्यों बनी हुई है ? क्या यह 'सहकारी' सेवा है या किसी खास 'व्यापारी' को मेवा खिलाने की जुगत ? ?क्या दवाओं की मलाई सीधे समिति के खाते में जा रही है या कहीं और रास्ता भटक गई ?जब दुकान और अधिकार समिति के हैं, तो स्टोर किसी प्राइवेट खिलाड़ी का क्यों ? ?क्या आम जनता को यहाँ 'सरकारी' दरों पर सस्ती दवा मिल रही है, या बस बोर्ड सहकारी और बिल 'प्राइवेट' वाला है ?सिंह ने साफ कहा कि अगर बाजार से सस्ती और असली दवा यहाँ नहीं मिल रही, तो समझ लीजिए दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है। नघेटा रोड स्थित ट्रस्ट की जमीन के बाद अब इस 'मेडिकल खेल' ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। देखना यह है कि प्रशासन जागता है या 'कमिश्न' के इस खेल में 'सहकारिता' ऐसे ही दम तोड़ती रहेगी।

# सरस आजीविका मेले में दिखी महिला उद्यमिता की सशक्त तस्वीर

**कानपुर के मोतीझील में सरस मेले का शुभारंभ, पुरस्कार प्राप्त समूह बने आकर्षण**

**6 जनवरी तक चलेगा सरस मेला, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया शुभारंभ**

**अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए 60 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने लगाए स्टॉल**



अमन लेखनी समाचार

कानपुर। प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने की नीति को जमीनी स्तर पर उतारते हुए रविवार को मोतीझील लॉन-2 में सरस आजीविका मेलाझ2026 का शुभारंभ किया गया। 6 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह मेला ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर माननीय सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक सरोज कुरील, विधायक मोहित सोनकर, एमएलसी सलिल बिश्नोई, सदस्य महिला आयोग पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, अध्यक्ष महिला कल्याण निगम कलावती सिंह, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, रघुनंदन भदौरिया, पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ दीक्षा जैन सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। मेला प्रतिदिन 11 बजे से शाम 8 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। कानपुर नगर से 29 तथा मंडल के अन्य पांच जनपदों से 31 स्टाल लगाए गए हैं। 60 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री कर रही हैं। मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सौंदर्य एवं सुगंध उत्पाद, पारंपरिक परिधान, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, सखी लेदर उत्पाद, जैविक पौध एवं कृषि उत्पाद, स्वच्छता समाधान, सरस स्वाद और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। मेले के शुभारंभ के दौरान विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि समरसता भारतीय सांस्कृतिक मूल स्वभाव है। इस तरह के आयोजनों से पारंपरिक खानझपान, हस्तशिल्प और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने में मदद मिलती है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में आत्मविश्वास और अपनी पहचान बनाने की ललक दिखाई दे रही है। वहीं, प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ का मंत्र ही विकसित भारत की नींव है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर ही आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# जुए के अड्डे पर बिलग्राम पुलिस का छापा, चार आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलग्राम थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने क्षेत्र में हार-जीत की बाजी लगा रहे चार जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, उन्हें मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए बिलग्राम पुलिस ने टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। पुलिस की इस अचानक छापेमारी से जुआरियों में हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए चार लोगों को मौके से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान निम्नलिखित रूप में हुई है:

खलील व राजबहादुर: निवासी मोहल्ला रफैयतगंज।

सुभाष व हनीफ: निवासी मोहल्ला मलकन्ठ।

बरामदगी और विधिक कार्रवाई पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 ताश के पत्ते और नकदी बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए सभी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उन्हें जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और जुए के ठिकानों पर इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

# पूर्व छात्र नेता की पुण्यतिथि पर गायों को खिलाया गुड



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पूर्व छात्र नेता की 15वीं पुण्यतिथि पर परिजनों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ कान्हा गौशाला पहुंचकर गोवंश को गुड़ खिलाया और गरीबों को कंबल वितरित किया पूर्व छात्र नेता तेज प्रताप सिंह पप्पन की 6 जनवरी 2011 गोलीमार के हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को परिजनों ने 15वीं पुण्यतिथि पर कान्हा गौशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे के हाथों से 150 किलो गुड़ गायों को खिलाया। इसके बाद कस्बे के जरूरतमंदों एवं गरीबों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर देवेंद्र सिंह उर्फ संतू, राहुल त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह छोटू, अवनीश सिंह, राकेश सोनी आदि मौजूद रहे।

# एसपी अशोक कुमार मीणा ने जनसुनवाई में सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतों को एसपी के समक्ष रखा। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीनी विवाद, आपसी मारपीट और घरेलू हिंसा से संबंधित मामले सामने आए। एसपी ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं से बात की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। एसपी अशोक कुमार मीणा ने प्राप्त शिकायतों को सूचीबद्ध करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पीड़ित पक्ष की बात संवेदनशीलता से सुनने और निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने का आदेश दिया।


अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

